हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

RNI NO - CTHIN/25/A0716

# मूक पत्रिका

निष्पक्ष, निर्भीक, स्वतंत्र आवाज...

वर्ष - 02 | अंक - 03 | बेमेतरा, बुधवार 20 अगस्त 2025 | रायपुर एवं बेमेतरा से प्रकाशित | कुल पेज - 10 | मूल्य - 5 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी पर था अवैध संबंध का शक

**पटना ।** राजधानी पटना में रिश्तों को तार-तार कर देने वाली एक ऐसी हैवानियत भरी घटना सामने आई है, जिसे सुनकर किसी की भी रूह कांप जाए। पत्नी के अवैध संबंध के शक में एक व्यक्ति ने बदला लेने के लिए 4 साल के मासूम बच्चे का ब्लेड से गुप्तांग काट दिया। घटना पटना जिले के गौरीचक थाना क्षेत्र के सोहगी गांव की है, जहां बच्चा रक्षाबंधन पर अपनी मां के साथ ननिहाल आया हुआ था। गंभीर रूप से घायल बच्चे का इलाज पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच) में चल रहा है, जबकि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला गौरीचक थाना क्षेत्र के सोहगी गांव का है। धनरुआ का रहने वाला 4 वर्षीय मासूम अपनी मां के साथ रक्षाबंधन मनाने के लिए ननिहाल आया था। गांव के ही गुड्डू पासवान को शक था कि उसकी पत्नी का बच्चे के पिता के साथ अवैध संबंध है। इसी शक की आग में जल रहे गुड्डू ने बदला लेने के लिए एक खौफनाक साजिश रची।

### छत पर नीले ड्रम में मिली युवक की लाश

**किशनगढ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ में हुए नीले ड्रम हत्याकांड की तरह ही राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां किशनगढ़ बास कस्बे की आदर्श कॉलोनी में एक मकान की छत पर रखे नीले ड्रम से युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। शव को गलाने के लिए ऊपर से नमक भी डाला गया था। इलाके में फैली दुर्गंध के बाद इस खौफनाक वारदात का खुलासा हुआ। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी हंसराज के रूप में हुई है, जो इसी मकान में अपनी पत्नी और बच्चों के साथ किराए पर रहता था। घटना के बाद से मृतक की पत्नी, बच्चे और मकान मालिक का बेटा भी लापता हैं। जानकारी के अनुसार, शाम जब मकान मालकिन मिथलेश छत पर गईं तो उन्हें तेज बदबू महसूस हुई। जांच करने पर पता चला कि बदबू छत पर रखे एक नीले ड्रम से आ रही थी। शक होने पर उन्होंने परिवार वालों को सूचित किया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब ड्रम को खोला तो अंदर से एक युवक का शव बरामद हुआ।

### भारत की धरती उगलेगी सोना, इस राज्य के 6 जिलों में मिला 20 टन का खजाना

**भुवनेश्वर।** खनिज संपदा के लिए प्रसिद्ध ओडिशा अब देश के स्वर्ण मानचित्र पर एक नई पहचान बनाने जा रहा है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने राज्य के छह जिलों में लगभग 10 से 20 टन सोने के विशाल भंडार की पुष्टि की है। इस महत्वपूर्ण खोज के बाद राज्य सरकार ने खदानों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर ली है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था और स्थानीय रोजगार को भारी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। जीएसआई द्वारा लंबे सर्वेक्षण और परीक्षण के बाद देवगढ़। के अड़स-रामपल्ली, सुंदरगढ़, नवरंगपुर, केंदुझर, अनुगुल और कोरापुट जिलों की भूमि के नीचे सोने की मौजूदगी का पता चला है।

आज होगा विष्णुदेव साय कैबिनेट का विस्तार!

# गजेंद्र-राजेश-खुशवंत साहेब ले सकते हैं मंत्री पद की शपथ...

रायपुर/ संवाददाता



इंतजार की घड़ियां खत्म होने वाली हैं। जल्द ही छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल का विस्तार होने वाला है। संभवत: कल यानी बुधवार को साय कैबिनेट का विस्तार हो सकता है। सीएम विष्णुदेव साय ने इस संबंध में पहले ही संकेत दिये थे। वहीं बीजेपी हाईकमान से भी हरी झंडी मिल चुकी है। ऐसे में प्रदेश में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। शपथ ग्रहण समारोह के लिए छत्तीसगढ़ मंडपम में तैयारियां शुरू हो गई हैं। सियासी गलियारे में इस बात की चर्चा है कि 21 अगस्त से पहले मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है। तीन नये मंत्री बनाये जा सकते हैं। साय मंत्रिमंडल का विस्तार करीब-करीब तय हो गया है। दुर्ग संभाग से दुर्ग विधायक विधायक गजेंद्र यादव, सरगुजा संभाग से अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल और रायपुर संभाग से आरंग विधायक और सतनामी समाज के गुरु खुशवंत साहेब नए मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। हाल ही में सीएम साय ने मीडिया से चर्चा में कहा था कि इंतजार करिए, जल्द ही विस्तार होगा। इतना ही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि मंत्रिमंडल का विस्तार उनके विदेश दौरे से पहले भी हो भी सकता है। सीएम साय 22 अगस्त से पहले विदेश दौरे पर जा रहे हैं। बता दें कि सीएम साय ने हाल ही में दिल्ली से आने के बाद संकेत दिया था कि इंतजार खत्म होने वाला है। दुर्ग संभाग से विधायक गजेंद्र यादव सरगुजा संभाग से अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल रायपुर संभाग से आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। बड़ी बात ये है कि ये तीनों विधायक कभी भी मंत्री नहीं रहे हैं। पहली बार मंत्री बन सकते हैं। यदि उपरोक्त नामों में कुछ फेरबदल हुआ तो अमर अग्रवाल बिलासपुर संभाग से, राजेश मूणत रायपुर संभाग से, अजय चंद्राकर रायपुर संभाग से, किरण सिंहदेव बस्तर संभाग से नये मंत्री हो बन सकते हैं। हरियाणा की विधानसभा में भी 90 विधायक हैं। हरियाणा में बीजेपी सरकार में मुख्यमंत्री समेत 14 मंत्री हैं। लिहाजा, हरियाणा के फॉर्मूले को छत्तीसगढ़ में भी लागू करते हुए 3 और मंत्री बनाए जा सकते हैं। हालांकि, छत्तीसगढ़ में राज्य बनने के बाद से 13 मंत्री ही बनते आए हैं, जबकि नियम के तहत विधयकों की संख्या के 15 प्रतिशत ही मंत्री बन सकते है। इस नियम के तहत 90 विधायकों में 13 ।5 मंत्री बन सकते हैं। इसलिए मुख्यमंत्री समेत 14 मंत्री भी हो सकते हैं। साय कैबिनेट में अभी मुख्यमंत्री समेत 11 मंत्री हैं। सबसे ज्यादा सरगुजा संभाग से मंत्री हैं। रायपुर दुर्ग और बस्तर संभाग से मात्र एक-एक मंत्री हैं। इसलिए रायपुर से राजेश मूणत और अजय चंद्राकर का नाम चर्चा में है। वहीं, बस्तर से केदार कश्यप अकेले मंत्री हैं, ऐसे में बस्तर से प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव का नाम भी सामने आ रहा है। बिलासपुर से रमन सरकार में मंत्री रहे अमर अग्रवाल का नाम चर्चा में है। इसके अलावा यादव समाज को प्रतिनिधित्व देने दुर्ग से गजेंद्र यादव, रायपुर से बीजेपी विधायक खूशवंत साहेब के नाम की चर्चा भी तेज है। साय कैबिनेट में मुख्यमंत्री सेत 12 मंत्री थे।


### साय कैबिनेट-छत्तीसगढ़ में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के लिए 90 एकड़ भूमि को रियायती दर पर आबंटित करने का निर्णय



रायपुर. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित कैबिनेट की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए 1) मंत्रिपरिषद द्वारा निर्णय लिया है कि राज्य के अनुसूचित क्षेत्र एवं माडा पॉकेट क्षेत्र में रहने वाले अंत्योदय और प्राथमिकता श्रेणी के परिवारों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत हर माह वितरित किए जाने वाले 2 किलो चना की आवश्यक मात्रा नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा ह्द्धरूरुई-ऑक्शन प्लेटफार्म के माध्यम से खरीदी जाएगी. यह खरीदी वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत 0.25 प्रतिशत या इससे कम ट्रांजैक्शन/सर्विस चार्ज पर की जाएगी. इसके साथ ही मंत्रिपरिषद ने कहा है कि जुलाई 2025 से नवंबर 2025 तक जिन हितग्राहियों ने चना नहीं लिया है, उन्हें पात्रतानुसार यह चना दिसंबर 2025 तक वितरित कर दिया जाए. 2) मंत्रिपरिषद ने नवा रायपुर में सूचना प्रौद्योगिकीउद्योग की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए 90 एकड़ भूमि के भूखंड को रियायती प्रीमियम दर पर आबंटित करने का निर्णय लिया है. इस फैसले का उद्देश्य आईटी क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करना और औद्योगिक विकास को गति देना है. रियायती दर पर भूमि उपलब्ध होने से निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ेगी और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे. इस पहल से नवा रायपुर में न सिर्फतकनीकी और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यहां की बसाहट और शहरीकरण की प्रक्रिया को भी बल मिलेगा.

आरएसएस में महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर बोले

# समाज के 50 प्रतिशत लोगों को बाहर नहीं रखा जा सकता



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने संगठन की निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी के महत्व पर ज़ोर देते हुए कहा है कि समाज के पचास प्रतिशत लोगों को इससे बाहर नहीं रखा जा सकता। तन समर्पित, मन समर्पित नामक पुस्तक के विमोचन के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए, मोहन भागवत ने कहा कि जहाँ भी स्वयंसेवक हैं, महिलाएँ उनके साथ हैं। महिलाओं के लिए, राष्ट्र सेविका समिति, जो 1936 में शुरू किया गया एक महिला संगठन है, समानांतर रूप से काम करती है। कई क्षेत्रों में, महिलाएँ निर्णय लेने की प्रक्रिया का हिस्सा होती हैं, उन्हें मुख्य बैठकों में आमंत्रित किया जाता है और उनके प्रस्तावों को शामिल किया जाता है। समाज के पचास प्रतिशत लोगों को इससे बाहर नहीं रखा जा सकता। मोहन भागवत ने कहा कि प्रक्रियाएँ राज्यों के अनुसार अलग-अलग होती हैं, लेकिन उन्होंने इसे संघ के अनुकूलनशील और विकासशील स्वभाव का प्रतीक बताया। आरएसएस प्रमुख ने राष्ट्र सेवा और पारिवारिक ज़िम्मेदारियों के बीच संतुलन बनाए रखने के महत्व पर भी ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र सेवा कभी भी पारिवारिक कर्तव्यों की कीमत पर नहीं होनी चाहिए। ये दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं, विरोधाभासी नहीं। सामाजिक परिवर्तन पर टिप्पणी करते हुए भागवत ने कहा कि समाज में परिवर्तन तभी आएगा जब वह स्वयंसेवक के जीवन में आएगा। केवल ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है। परिवर्तन के लिए अनुशासन, उदाहरण और अभ्यास की आवश्यकता होती है।

### निमिषा प्रिया मामले में सोशल मीडिया पर आर्थिक मदद मांगे जाने के दावे फर्जी

**नयी दिल्ली.** विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर किए जा रहे उन दावों को मंगलवार को फर्जी बताकर खारिज किया जिनमें यमन में मौत की सजा का सामना कर रही भारतीय नर्स निमिषा प्रिया से संबंधित मामले में सरकार द्वारा निर्दष्टि बैंक खाते में 'मौद्रिक अंशदान' मांगने की बात कही गई है. मंत्रालय की तथ्य जांच टीम के 'एक्स' हैंडल ङ्क एमईए फैक्टचेक ङ्क ने एक 'एक्स' उपयोगकर्ता द्वारा किए गए पोस्ट का स्क्रीनशॉट भी साझा किया जिसमें इस तरह के दावे किए गए हैं. उन्नीस अगस्त को उपयोगकर्ता द्वारा किए गए।

'दिल्ली मित्र' लॉन्च करेगी रेखा गुप्ता सरकार

# अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे नागरिक



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैबिनेट के द्वारा दूसरा बड़ा फैसला लिया गया है। इस फैसले के मुताबिक 'दिल्ली मित्र' ऐप लॉन्च किया जाएगा। नागरिक इस पोर्टल पर सीधे अपनी शिकायतें दर्ज करा सकेंगे। गौरतलब है कि इस ऐप का विचार आम लोगों ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को लिखे एक प्रस्ताव पत्र में सुझाया था, जिसे अब कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इससे पहले आज दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यमुना बाज़ार स्थित रिहायशी इलाके का दौरा किया, जहाँ उफनती यमुना नदी का पानी घुस गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि दिल्ली में बाढ़ जैसी कोई स्थिति नहीं है और एक-दो दिनों में जलस्तर कम हो जाएगा। प्रभावित क्षेत्र का आकलन करने के बाद, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि स्थिति नियंत्रण में है।

राधाकृष्णन को देंगे चुनौती

# सुदर्शन रेड्डी होंगे उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार....

नई दिल्ली/ एजेंसी

पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी उपराष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार होंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इनके नाम का एलान किया। उन्होंने बताया कि विपक्ष ने एकमत होकर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश के नाम पर सहमति जताई है। इससे पहले विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं ने उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के नाम पर फैसला लेने और उसकी घोषणा करने के लिए 10 राजाजी मार्ग पर बैठक की थी। बैठक के बाद विपक्ष ने उनके नाम का एलान किया। सुप्रीम कोर्ट के



पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी 21 अगस्त को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, 'बी. सुदर्शन रेड्डी भारत के सबसे प्रतिष्ठित और प्रगतिशील न्यायविदों में से एक हैं। उनका एक लंबा और प्रतिष्ठित कानूनी करियर रहा है। वे आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, गौहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में काम कर चुके हैं। वे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के एक निरंतर और साहसी समर्थक रहे हैं। वे एक गरीब हितैषी व्यक्ति हैं। यदि आप उनके कई फैसले पढ़ेंगे, तो आपको पता चलेगा कि उन्होंने कैसे गरीबों का पक्ष लिया और संविधान व मौलिक अधिकारों की रक्षा की। पूर्व न्यायाधीश जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी का मुकाबला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन से होगा।

### अब ट्रैक से पैदा होगी बिजली, देश में पहली बार पटरियों पर लगे सोलर पैनल

**वाराणसी।** भारतीय रेलवे ने ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर एक और बड़ा कदम बढ़ाते हुए इतिहास रच दिया है। देश में पहली बार उत्तर प्रदेश के वाराणसी में रेलवे पटरियों के बीच सोलर पैनल लगाकर बिजली का उत्पादन शुरू किया गया है। यह अनूठी पहल वाराणसी स्थित बनारस लोकोमोटिव वर्क्स के परिसर में की गई है, जहां ट्रैक पर लगाए गए सोलर पैनल को सफलतापूर्वक चालू कर दिया गया है। रेलवे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत बीएलडब्ल्यू कैंपस में 70 मीटर लंबे ट्रैक पर कुल 28 सोलर पैनल लगाए गए हैं।

वोटर अधिकार यात्रा

# तेजस्वी यादव का ऐलान,अगली बार राहुल गांधी को पीएम बनाएंगे

नई दिल्ली/ एजेंसी

राजद नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को कहा कि अगले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए विपक्ष मिलकर काम करेगा। उनकी टिप्पणी से इस बात के स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि 2029 के आम चुनावों में राहुल गांधी को इंडिया ब्लॉक के प्रधानमंत्री पद के चेहरे के रूप में पेश किया जा सकता है। राजद नेता ने कहा कि अगले लोकसभा चुनाव होने पर हम राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने की दिशा में काम करेंगे। बिहार के नवादा में 'मतदाता



अधिकार' रैली का नेतृत्व करते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव की मौजूदगी में यादव ने यह टिप्पणी की। रैली को संबोधित करते हुए, यादव ने यह भी कहा कि अब समय आ गया है कि युवा पीढ़ी को राज्य चलाने का मौका मिले। यादव ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार 'खटारा' हो गई है और इसे तुरंत बदलने की ज़रूरत है। युवाओं को अब मौका मिलना चाहिए... हमारे पास बिहार के लिए एक विज़न है। युवाओं ने संकल्प लिया है कि वे इस पुरानी और जर्जर सरकार को सत्ता से हटाएँगे और अगले लोकसभा चुनावों के बाद राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाएँगे। उन्होंने कहा कि हमारे पास बिहार के लिए दृष्टिकोण हैं। युवाओं ने संकल्प लिया है कि वे इस पुरानी और खटारा सरकार को सत्ता से हटाएंगे और यह सुनिश्चित करेंगे।

मध्य रेलवे ने सात जोड़ी ट्रेनों को किया रद्द....

# महाराष्ट्र में आफत की बारिश,लगभग 14 लोगों की मौत...

मुंबई/ एजेंसी

महाराष्ट्र में बीते कुछ दिनों से हो रही बारिश ने लोगों की आफत बढ़ा रखी है। राज्य में लगातार हो रही बारिश और बाढ़ से अब तक 14 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि सैकड़ों लोगों को बचाया गया है। नांदेड़ में बादल फटने के बाद आई बाढ़ में आठ लोगों की मौत हो गई। जबकि अलग-अलग घटनाओं में छह लोगों ने जान गंवा दी। सीएम देवेंद्र फडणवीस ने लोगों से कहा है कि आगामी 48 घंटे बेहद अहम हैं, वे सावधानी बरतें। वहीं बारिश के चलते ट्रैक पर पानी भरने से मध्य रेलवे ने सात जोड़ी ट्रेनों को रद्द कर दिया है। कई ट्रेनों का रास्ता बदला गया है। नांदेड़ जिले में बादल फटने के कारण आई बाढ़ में आठ लोगों की मौत हो गई। जबकि मुंबई में करीब 300 मिमी बारिश दर्ज की गई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश के कारण 12 से 14 लाख एकड़ भूमि पर लगी फसलें नष्ट हो गई हैं। मुंबई की जीवनरेखा कही जाने वाली लोकल ट्रेनें या तो धीमी हो गई हैं या देरी से चल रही हैं। मीठी नदी मुंबई में खतरे के निशान तक पहुंच गई है और 400 से 500 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना पड़ा है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे स्थिति पर नजर रख रहे हैं। सीएम ने बताया कि नांदेड़ जिले के बाढ़ प्रभावित गांवों से 290 से अधिक लोगों को बचाया गया है। क्षेत्र में राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) और सेना को तैनात किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने कम दबाव के क्षेत्र और मानसूनी हवाओं के तेज होने



के कारण मूसलाधार बारिश हुई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग पुणे के वरिष्ठ वैज्ञानिक एसडी सनप ने कहा कि इस प्रणाली ने उत्तरी कोंकण से केरल तक फैली एक द्रोणिका को सक्रिय कर दिया है। इससे कोंकण, मध्य महाराष्ट्र और घाटों पर बहुत भारी से लेकर अत्यंत भारी बारिश हो रही है। जबकि राज्य के बाकी हिस्सों में मध्यम वर्षा हो रही है। आईएमडी ने अगले दो दिनों तक मुंबई सहित कोंकण और मध्य महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान जताया है, जबकि मराठवाड़ा और विदर्भ में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि लगातार बारिश से राज्य में लगभग 10 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि जलमग्न हो गई है। बारिश थमने के बाद नुकसान का आकलन शुरू किया जाएगा। गढ़चिरौली में सोमवार शाम से लगातार हो रही बारिश के कारण निचले इलाकों में पानी भर गया है और संपर्क बाधित हो गया है। पर्लकोटा नदी के उफान पर आने के कारण भामरागाड तालुका के 50 से अधिक गांव संपर्क से कटे हुए हैं। इसके चलते भामरागा-अल्लापल्ली राजमार्ग को बंद करना पड़ा ।वहीं कोडपे गांव का 19 वर्षीय युवक उफनती नदी पार करते समय बह गया। भूस्खलन के कारण कोल्हापुर-रत्नागिरी राजमार्ग कई घंटों तक बंद रहा। भूस्खलन और गांव के मार्गों में बाढ़ आने के कारण महाड और नागोथाने में सड़क संपर्क बाधित हो गया है।

### नांदेड़ में सात लोग बाढ़ में बहे, तीन को बचाया गया

नांदेड़ जिले में मंगलवार को ऑटोरिक्शा और कार में सवार सात लोग बाढ़ग्रस्त सड़क पर बह गए। स्थानीय बचाव दल तीन पुरुषों को बचाने में सफल रहे हैं, जबकि एक पुरुष और तीन महिलाओं की तलाश जारी है। मुजखेड़-उदगीर रोड पर देर रात करीब 1.40 बजे हादसा हुआ। अफसरों ने कहा कि जिले के बाढ़ प्रभावित गांवों से 293 लोगों को बचाया गया है। एसडीआरएफ की टीमों ने चार गांवों से लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। बचाव अभियान लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। अफसरों ने कहा कि रावनगांव से कम से कम 225 लोगों को, भिंगोली से 40 लोगों को, बसवाड़ी से 10 लोगों को और हसनाल से आठ लोगों को निकाला गया। भारतीय सेना की एक इकाई ने बाढ़ प्रभावित लोगों के इलाज के लिए एक चिकित्सा शिविर स्थापित किया है।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव जनमानस का है उत्सव, सबकी हो सक्रिय सहभागिता –मुख्यमंत्री साय

## मुख्यमंत्री ने ई कोर्ट,एग्री स्टेक में किसान पंजीयन और फसल सर्वे प्रगति की भी समीक्षा की

**मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टरों की बैठक लेकर छत्तीसगढ़ रजत उत्सव की तैयारियों की समीक्षा की**




**बलौदाबाजार /मूक पत्रिका**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बीते मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टरों की बैठक लेकर रजत उत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और आम जनता की सहभागिता की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि रजत उत्सव एक महत्वपूर्ण अवसर है जो छत्तीसगढ़ के विकास को प्रदर्शित करता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी में जुट जाएं और सुनिश्चित करें कि सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित हों।उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर छत्तीसगढ़ के विकास में सहभागी बनना है। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि 25 साल के युवा प्रदेश ने देश में अपनी अलग पहचान बनाई है। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए और रजत उत्सव की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने ई कोर्ट, एग्री स्टेक में किसान पंजीयन और फसल सर्वे की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि किसानों को कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें ,उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण हो। मुख्यमंत्री साय ने मिशन मोड पर राजस्व मामलों का निपटारा करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने फसल सर्वे और एग्री स्टेक में किसानों के पंजीयन का कार्य भी तेजी से करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि छत्तीसगढ़ रजत उत्सव ज्ञ्ह थीम अर्थात गरीब,युवा,अन्नदाता और नारी पर केंद्रित होगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 15 अगस्त को छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव शुभारंभ किया है जो फ़रवरी 2026 तक प्रदेश भर में विविध आयोजन किये जाएंगे। बैठक कलेक्टर दीपक सोनी,सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर अवध राम टंडन सहित अन्य अधिकारी एनआई सी कक्ष में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े थे।

# सूरजपुर के गाँवों में लौटी सौर ऊर्जा की रोशनी

**तमोर पिंगला अभ्यारण्य और गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र जैसे दूरस्थ वनांचलों के लिए बड़ी राहत साबित होगा**

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की पहल से विधान सभा भटगांव में ग्रामीणों के घरों में उजाला**



**सूरजपुर/मूक पत्रिका**

छत्तीसगढ़ के सुदूरवर्ती अंचलों में अब अंधकार नहीं, बल्कि सौर ऊर्जा की नई रोशनी गाँव-गाँव जगमगा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की पहल से सूरजपुर जिले के ग्रामीणों को बिजली आपूर्ति की गंभीर समस्या से राहत मिली है। महुली ग्राम के स्कूलपारा, चौरा पारा और खास पारा में स्थापित 10-10 किलोवॉट क्षमता वाले सौर संयंत्रों की बैटरियाँ बदली गईं। इन संयंत्रों के शत-प्रतिशत कार्यशील होने से अब 150 से अधिक परिवारों के घरों में पूरी रात बिजली उपलब्ध है। बच्चों को पढ़ाई के लिए उजाला मिल रहा है, महिलाएँ सुरक्षित महसूस कर रही हैं और गाँव की गतिविधियाँ रात तक सुचारू रूप से चल रही हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ÷सभी के लिए ऊर्जा÷ नीति के तहत स्पष्ट निर्देश दिए थे कि ग्रामीण अंचलों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री एवं भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयासों से इसी दिशा में अब बाँकी और खोड़ जैसे गाँवों में भी सुधारात्मक कार्य प्रारंभ किया गया है। यहाँ 07 सौर संयंत्रों के लिए 372 नई बैटरियों की स्थापना की जा रही है, जिससे सैकड़ों परिवार लाभान्वित होंगे।भटगांव विधानसभा क्षेत्र में भी लगभग 60 लाख रुपये की लागत से इन्वर्टर और बैटरियाँ स्वीकृत हुई हैं। यह कार्य विशेष रूप से तमोर पिंगला अभ्यारण्य और गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र जैसे दूरस्थ वनांचलों के लिए बड़ी राहत साबित होगा। यहाँ के ग्रामीणों को पहली बार स्थायी और भरोसेमंद बिजली सुविधा मिलेगी। यह पहल केवल तकनीकी सुधार भर नहीं है, बल्कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के संवेदनशील नेतृत्व का परिणाम है, जो ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भरता की नई गाथा लिख रही है।

# मनोरा में धूमधाम से संपन्न हुई मटकी फोड़ प्रतियोगिता



**मनोरा/मूक पत्रिका**

जन्माष्टमी के पावन अवसर पर मनोरा में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं व बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

25 फिट ऊँचाई पर मटकी तक पहुँचने के लिए युवाओं की टीमों ने मानव पिरामिड बनाकर अद्भुत कौशल का प्रदर्शन किया। ग्रामीण स्तर पर इस प्रकार का प्रतियोगिता का माहौल पूरी तरह रोमांचक करने वाला था। प्रतियोगिता को देखने के लिए आसपास के ग्रामीणों और नगरवासियों की भारी भीड़ जमा रही। दर्शकों ने जोरदार तालियों और नारों से प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।आयोजकों की ओर से विजेता टीम को आकर्षक पुरस्कार रखा गया था जिसमें प्रथम पुरस्कार रु 5100/- और द्वितीय पुरस्कार की राशि रु 2100/- रखी गई थी कुल 5 टीम प्रतियोगिता में शामिल हुई थी, प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार-हाई स्कूल आदिवासी टाइगर मनोरा और द्वितीय पुरस्कार - मनोरा एवं छोटा कान्हा मनोरा को तृतीय पुरस्कार प्रातः हुआ, एवं सभी टीमों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने युवाओं के साहस और टीम भावना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से एकता, सहयोग और भाईचारे का संदेश समाज तक पहुँचता है। मनोरा में हुई यह प्रतियोगिता लोगों के लिए यादगार बन गई और जन्माष्टमी का उत्सव और भी उल्लासपूर्ण हो गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप से शांति भगत- जिला पंचायत सदस्य, शिवनंदन भगत - सरपंच मनोरा, रंजीत भगत जनपद सदस्य मनोरा, नमन जैन, सुषमा सिंह , भजूनंदन नायक, विष्णु सिंह उपस्थित रहे। आयोजक समिति में - विकास कुमार प्रधान, अरविन्द सिंह, कृष्णा भगत, चन्दन सिंह, भुनेश्वर नायक, शिवकुमार सिंह, सूरज सिंह, हितेश सिदार, प्रवीण सिंह, दीपेश सिंह, रवि भगत, श्रवण भगत, अलेश राम, विनोद दिवाकर एवं समिति के सदस्य का कार्यक्रम सफल करने का विशेष सहयोग रहा ।

# भैरमगढ़ में नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित 05 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**गणित (गणित प्रकाश) और हिंदी (मल्हार) विषय पर शिक्षकों को मिल रहा मार्गदर्शन**



**बीजापुर/भैरमगढ़ /मूक पत्रिका**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्था बीजापुर के निर्देशानुसार कक्षा छठवीं की नवीन पाठ्यपुस्तक पर आधारित पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 19 अगस्त से किया गया। यह प्रशिक्षण 23 अगस्त 2025 तक चलेगा। कार्यक्रम का आयोजन बालक आश्रम हिंगुम एवं बालक आश्रम धरमा में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। प्रशिक्षण की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस अवसर पर खंड स्रोत समन्वयक भैरमगढ़ ने कहा कि कोई भी प्रशिक्षण व्यर्थ नहीं जाता। प्रशिक्षण से मिली नई ऊर्जा और ज्ञान को हमें बच्चों की शिक्षा के आयाम से जोड़ना है। इस प्रथम चरण में माध्यमिक शाला स्तर के शिक्षकों को कक्षा छठवीं की गणित (गणित प्रकाश) एवं हिंदी (मल्हार) विषय की नवीन पाठ्यपुस्तकों के अनुरूप शिक्षण पद्धति का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षक केदार देशमुख, लक्ष्मण हपका और दिनेश कुमार कड़ती द्वारा विषयवार मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे और उत्साहपूर्वक सहभागिता की।प्रशिक्षण से अपेक्षा है कि शिक्षकों की क्षमता में वृद्धि होगी और छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में मदद मिलेगी।

# जिले में अब तक 371.1 मिमी. औसत वर्षा दर्ज

**बेमेतरा/मूक पत्रिका**

चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 19 अगस्त 2025 प्रतिवेदित दिनांक तक की स्थिति में सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 371.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील थानखम्हरिया में 562.8 मि.मी. तथा न्यूनतम 259.5 मि.मी. वर्षा भिंभौरी तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 328.5 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 371.6 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 328.2 मि.मी., देवकर तहसील में 353.5 मि.मी, वर्षा दाढ़ी तहसील मे 462.9 मि.मी., वर्षा नवागढ़ तहसील में 276 मि.मी. एवं साजा तहसील में 397.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# ये क्रिकेट खिलाड़ी जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे

**जैजैपुर।** जिला स्तरीय क्रिकेट बालक14 वर्ष का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी। कुमुदिनी बाघ मैडम जिला क्रीड़ा प्रभारी अमर सिंह राज सर एवं संगठन सचिव जी पी कमलेश बी ई ओ जैजैपुर विजय शिदार के निर्देशानुसार जैजेपुर में संपन्न हुआ जिसमें शक्ति जिला के जैजेपुर विकासखंड के कीड़ा प्रभारी खगेश भारद्वाज, डभरा विकासखंड विकासखंड के क्रीडाप्रभारी राजेश नायक रोशन शाह, लता चंद्रा आकांक्षा चंद्रा, विवेक आदित्य समस्त व्यायाम शिक्षकों का सहयोग रहा. चयनित खिलाड़ी अगामी शक्ति जिला का प्रतिनिधित्व करेंगी तन्मय देवांगन रोहन पटेल दीपांशु यादव टिकेश्वर यादव खिलेश्वर, सत्रुहान, प्रिंस महिष यश राज,देवांशु चंद्रा, मयंक कुर्र वेकोन चंद्रा, मुवाज, अनमोल यादव, भावेश, प्रदीप धीरही गौतम दास सभी का उज्जवल भविष्य की कामना है।

# बलरामपुर जिले का शिक्षा विभाग लगातार सुर्खियों में शामिल बेरहम हेड मास्टर की हैवानियत नन्हीं बच्ची का पैर तोड़ा

**विभाग खामोश पंचायत ने की पैसों से दबाने की कोशिश**



**बलरामपुर/मूक पत्रिका**

जिले के प्राथमिक विद्यालय कंजिया में एक प्रधान पाठक की बर्बर हरकत ने शिक्षा जगत को शर्मसार कर दिया है। मामूली सी बात पर कक्षा दूसरी की छात्रा ललिता यादव को इस कदर पीटा गया कि उसका पैर टूट गया और वह अस्पताल में भर्ती है। आरोप है कि प्रधान पाठक हेरालुयूस एक्का ने बच्ची पर बेरहमी से डंडे बरसाए। गंभीर चोट लगने के बाद छात्रा को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां पिछले तीन दिनों से उसका इलाज चल रहा है।

पीड़ित परिजनों का कहना है कि मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। पंचायत स्तर पर दबाव बनाकर परिवार को 13 हजार रुपये देकर समझौते की बात कही गई और बच्ची को इलाज के लिए अंबिकापुर भेज दिया गया। मामले ने ग्रामीणों में गुस्सा भड़का दिया है। लोगों का आरोप है कि अब तक शिक्षा विभाग ने आरोपी प्रधान पाठक पर कोई कार्रवाई नहीं की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो लोग अपने बच्चों को स्कूल भेजना बंद कर देंगे।

# स्वतंत्रता दिवस पर निकली भव्य तिरंगा यात्रा, देशभक्ति नारों से गुंज उठा नगर




**बेमेतरा/मूक पत्रिका**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मां भद्रकाली जिला मानस संघ बेमेतरा द्वारा अध्यक्ष देवालाल सिन्हा के नेतृत्व में विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ नगर के मुख्य चौक से हुआ, जो भव्यता के साथ श्रीराम मंदिर तक पहुँची। यात्रा के दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम् और जय हिंद जैसे गगनभेदी नारों से संपूर्ण नगर गूंज उठा। तिरंगा यात्रा में तहसील ईकाई बेमेतरा, बेरला, नवागढ़ एवं साजा के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर संघ के संरक्षक राजकुमार ताम्रकार, बिहारी लाल यादव, महेश कुमार साहू श्रवण साहू माखन साहू विष्णु साहू कल्यानी लोकेन्द्र सेन नरेंद्र जायसवाल गजेंद्र वर्मा डॉ. ओमकार चंद्राकर ओम यदु, बेबी साहू सहित सैकड़ों की संख्या में सदस्य मौजूद रहे। देवलाल सिन्हा ने यात्रा का उद्देश्य को देशभक्ति की भावना को प्रबल करना और समाज में एकता व जागरूकता का संदेश देना बताया इस अवसर पर बिहारी साहू डा ललित साहू बाबूलाल साहू लता निषाद सनत साहू प्रसन्न जीत राजपूत धनेश वर्मा रामचरण साहू जलेश्वर साहू रवि साहू ? दास वैष्णव जागेश्वर यदु लोकनाथ साहू जलेश्वर मानिकपुरी रमा साहू गजाननंद साहू धनेश साहू ईश्वर साहू देवेंद्र साहू कांति राम साहू रामा ममता साहू बलिराम ध्रुव सहित बड़े संख्या मे मानस पथिक उपस्थित थे।

# कलेक्टर के मार्गदर्शन में केंद्रीय विद्यालय बेमेतरा में लॉटरी प्रक्रिया सम्पन्न, कुल 200 बच्चों को मिलेगा प्रवेश




**बेमेतरा/मूक पत्रिका**

कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन तथा अधिकारीगण की उपस्थिति में बीते मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय बेमेतरा में कक्षा 1 से 5वीं तक के विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु लॉटरी प्रक्रिया का आयोजन पूर्वाह्न 10 बजे से किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा लॉटरी प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए लॉटरी के एक दिन पूर्व ही अभिभावकों के अवलोकन हेतु पंजीकृत विद्यार्थियों की सूची विद्यालय परिसर में प्रदर्शित की गई थी। इस वर्ष कुल 685 प्रवेश पंजीकरण प्रपत्र प्राप्त हुए थे। प्रातः 10 बजे से अभिभावकों की उपस्थिति में लॉटरी प्रक्रिया प्रारंभ हुई और शाम 6 बजे तक यह प्रक्रिया पूरी कर ली गई। लॉटरी परिणाम भी तत्क्षण विद्यालय परिसर में सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित कर दिया गया। विद्यालय प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 1 से 5वीं तक प्रत्येक कक्षा में 40-40 सीटें उपलब्ध कराई गई हैं। इस प्रकार कुल 200 बच्चों का चयन प्रवेश हेतु किया गया है। लॉटरी परिणाम के आधार पर कक्षा-वार प्रवेश सूची कल से जारी की जाएगी तथा चयनित बच्चों का प्रवेश भी कल से प्रारंभ होगा। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि जिले के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है और लॉटरी प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी ढंग से सम्पन्न की गई है।

**मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग रहे सजग, कलेक्टर ने गौधाम योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए निर्देशों का पूर्ण पालन करने कहा**

# शासन के निर्देशों का पूर्ण क्षमताओं के साथ पालन एवं निर्वहन करें – कलेक्टर



**बेमेतरा/मूक पत्रिका**

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिला कार्यालय के दिशा सभाकक्ष में अधिकारियों की समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने शासन द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। कलेक्टर शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन जो जिम्मेदारी और निर्देश जारी किया गया है, उसका पूर्ण क्षमताओं के साथ पालन एवं निर्वहन करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि विभागीय लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में अधिकारी अपने अधीनस्थ अमले के साथ दायित्वपूर्ण कार्य करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर शर्मा ने बैठक में रजत महोत्सव के अंतर्गत दिए गए दायित्वों को जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि रजत महोत्सव छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष के उपलक्ष में मनाया जा रहा है। रजत महोत्सव के अंतर्गत राज्य निर्माण के बाद जिले में हुए विकास कार्यों उपलब्धियां को रेखांकित करते हुए कार्यक्रम आयोजित किया जाए। कलेक्टर ने कहा कि जिले की गरिमामय इतिहास को रेखांकित करें। कलेक्टर ने कहा कि हमर धरोहर, हमर गौरव ,पुरखा के सुरता, हमर संस्कृति, हमर विरासत जैसे कार्यक्रम आयोजित कर जिले की उपलब्धियां को प्रदर्शित करें। कलेक्टर ने बैठक में स्वास्थ्य अमल को निर्देशित करते हुए कहा कि मौसमी बीमारियों एवं अन्य जल जनित रोगों के रोकथाम के लिए स्वास्थ्य अमल विशेष निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक जीवन रक्षक दवाइयां के साथ ही समुचित उपचार के लिए सजग रहे। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रेमलता मंडावी, अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेई सहित सर्व एसडीएम उपस्थित थे।कलेक्टर शर्मा ने गौधाम योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और पशुधन संरक्षण को नई दिशा देने के लिए गौधाम योजना की शुरुआत करने जा रही है। यह महत्वाकांक्षी योजना न केवल पशुधन की सुरक्षा और नस्ल सुधार को बढ़ावा देगी, बल्कि जैविक खेती, चारा विकास और गौ-आधारित उद्योगों के माध्यम से गांव-गांव में रोजगार के नए अवसर भी खोलेगी। योजना का स्वरूप इस तरह तैयार किया गया है, कि निराश्रित एवं घुमंतू गौवंशीय पशुओं की देखभाल के साथ-साथ चरवाहों और गौ सेवकों को नियमित आय का स्थायी स्त्रोत उपलब्ध हो, जिससे ग्रामीण जीवन में आर्थिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता आ सके। गौधाम योजना के ड्राफ्ट को वित्त एवं पशुधन विकास विभाग से भी मंजूरी मिल चुकी है। गौधाम योजना का उद्देश्य गौवंशीय पशुओं का वैज्ञानिक पद्धति से संरक्षण एवं संवर्धन करना, गौ-उत्पादों को बढ़ावा देना, चारा विकास कार्यक्रम को प्रोत्साहित करना, गौधाम को प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करना, ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराना तथा फसलों के नुकसान और दुर्घटनाओं में पशु एवं जनहानि से बचाव सुनिश्चित करना है।

### अवैध तस्करी और घुमंतू पशुओं की सुरक्षा पर विशेष फोकस

पशुधन विकास विभाग ने यह योजना विशेष रूप से तस्करी या अवैध परिवहन में पकड़े गए पशुओं और घुमंतु पशुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखकर तैयार की है। राज्य में अवैध पशु तस्करी एवं परिवहन पर पहले से रोक है। अंतरराज्यीय सीमाओं पर पुलिस कार्रवाई में बड़ी संख्या में गौवंशीय पशु जब्त होते हैं। इन पशुओं और घुमंतू पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए ही यह योजना शुरू की जा रही है। प्रत्येक गौधाम में क्षमता के अनुसार अधिकतम 200 गौवंशीय पशु रखे जा सकेंगे।गौधाम योजना के तहत चरवाहों को 10,916 रुपए प्रतिमाह और गौसेवकों को 13,126 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। इसके साथ ही मवेशियों के चारे के लिए प्रतिदिन निर्धारित राशि प्रदान की जाएगी। उत्कृष्ट गौधाम को वहां रहने वाले प्रत्येक पशु के लिए पहले वर्ष 10 रुपए प्रतिदिन, दूसरे वर्ष 20 रुपए प्रतिदिन, तीसरे वर्ष 30 रुपए प्रतिदिन और चौथे वर्ष 35 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से राशि दी जाएगी। योजना के लिए बजट, नियम और शर्तें तय कर दी गई हैं, ताकि संचालन में किसी तरह की परेशानी न हो। गौधाम योजना से प्रदेश में पशुओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और बड़ी संख्या में चरवाहों एवं गौसेवकों को नियमित आय का साधन मिलेगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पशुओं की नस्ल सुधार कर उन्हें अधिक दूध देने और खेती-किसानी में पूरी क्षमता से उपयोग करने योग्य बनाया जा सकेगा। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में जैविक खेती और चारा विकास कार्यक्रमों को भी गति मिलेगी, जिससे ग्राम स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और गांवों की अर्थव्यवस्था सशक्त होगी।

**गौधाम की स्थापना के लिए चयनित होगी उपयुक्त शासकीय भूमि**-ऐसी शासकीय भूमि, जहां सुरक्षित बाड़ा, पशुओं के शेड, पर्याप्त पानी और बिजली की सुविधा उपलब्ध हो, वहीं गौधाम की स्थापना की जाएगी। जिन गौठानों में पहले से अधोसंरचना विकसित है, वहां उपलब्धता के आधार पर गौठान से सटे चारागाह की भूमि को हरा चारा उत्पादन के लिए दिया जाएगा। इसके अलावा, यदि आसपास की पंजीकृत गौशाला की समिति संचालन हेतु असहमति व्यक्त करती है, तो अन्य स्वयंसेवी संस्था, एनजीओ, ट्रस्ट, फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी या सहकारी समिति संचालन के लिए आवेदन कर सकेगी। जिला प्रशासन के प्रस्ताव पर गौधाम स्थापित किए जाएंगे, जो पंजीकृत गौशालाओं से भिन्न होंगे। पहले चरण में छत्तीसगढ़ के प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गौधाम स्थापित किए जाएंगे। जिला स्तरीय समिति प्राप्त आवेदनों का तुलनात्मक अध्ययन कर चयनित संस्था का नाम छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग को भेजेगी। मंजूरी के बाद चयनित संस्था और आयोग के बीच करार होगा, जिसके पश्चात गौधाम का संचालन उस संस्था को सौंपा जाएगा।

# नर्सरी के पास अधेड़ का शव मिलने से मचा हड़कंप, ग्रामीणों ने दी पुलिस को सूचना









**भटगांव/मूक पत्रिका**

भटगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत केवटाली में बीते मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब नर्सरी के बगल में एक अधेड़ व्यक्ति का शव पड़ा हुआ मिला। सुबह लगभग 8 बजे ग्रामीणों ने देखा कि सड़क किनारे एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है, पास में उसकी साइकिल खड़ी थी और चप्पल दूर-दूर बिखरे पड़े थे। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई और तुरंत इसकी खबर भटगांव पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी सरफ़राज फ़िरदौसी अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और शव की पहचान कराई। मृतक की पहचान 50 वर्षीय रमेश देवांगन, निवासी जूना करकोली के रूप में हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, रमेश देवांगन सोमवार सुबह अपने ससुराल सत्यनगर आया था और शाम को साइकिल से घर लौटने के लिए निकला था। लेकिन अगले दिन सुबह उसका शव केवटाली नर्सरी के पास मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल भटगांव भेज दिया है। प्रथम दृष्टया यह मामला अत्यधिक शराब सेवन से गिरने, हत्या अथवा दुर्घटना का हो सकता है, क्योंकि मृतक के सिर और हाथ में चोट के निशान पाए गए हैं। फ़िलहाल वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### ग्रामीणों ने की पुलिस की तत्परता की सराहना

इस घटना में विशेष बात यह रही कि सूचना मिलते ही महज़ 20-25 मिनट में भटगांव पुलिस मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों ने थाना प्रभारी सरफ़राज फ़िरदौसी और उनकी टीम की तत्परता की जमकर प्रशंसा की। फ़िलहाल पुलिस मामले की जांच कई पहलुओं पर कर रही है और ग्रामीणों में घटना को लेकर दहशत का माहौल बना हुआ है।

# खनिज विभाग द्वारा अवैध रेत उत्खनन, परिवहन पर की गई कार्यवाही

**जांजगीर-चांपा /मूक पत्रिका**



कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशानुसार एवं अनिल कुमार साहू, खनि अधिकारी के मार्गदर्शन में विगत 01 सप्ताह में खनिज उडनदस्ता दल प्रभारी रेखालाल राजपूत, खनिज निरीक्षक द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रो में खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण के प्रभावी रोकथाम हेतु औचक जॉच किया गया। खनिज अधिकारी ने बताया कि जॉच के दौरान हनुमानधारा चाँपा स्थित हसदेव नदी से खनिज रेत के अवैध उत्खनन करते 01 जेसीबी जप्त कर थाना चांपा की सुपुर्दगी मे दिया गया है तथा जिले के विभिन्न क्षेत्रो से खनिज रेत के अवैध परिवहन के 08 प्रकरण (07 हाईवा एवं 01 टेक्टर) दर्ज किया गया है। इसी प्रकार खनिज निम्न श्रेणी चूना पत्थर के अवैध परिवहन के 07 प्रकरण (06 हाईवा एवं 01 टेक्टर) दर्ज किया गया है। जप्त वाहनो को जिले के अलग-अलग थाने / परिसर चॉपा, बम्हनीडीह, मुलमुला, पुलिस लाईन, कलेक्ट्रेट परिसर के सुरक्षार्थ रखा जाकर वाहन मालिको के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि खनिज एवं राजस्व अमला द्वारा 15 अगस्त को शिवरीनारायण के पास ग्राम भोगहापारा का संयुक्त मौका जॉच के दौरान खनिज रेत अवैध भण्डारण का 01 प्रकरण दर्ज किया जाकर अवैध भण्डारणकर्ता के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। खनिज उडनदस्ता दल द्वारा 18 अगस्त को शिवरीनारायण स्थित महानदी का मौके जाँच के दौरान बैराज के पास खनिज रेत का अवैध उत्खनन करते नही पाया गया। महानदी में निर्मित बैराज के सभी गेट खोला गया है जिस कारण नदी में पानी भरा होना पाया गया। खनिजो के अवैध उत्खनन/परिवहन/भण्डारण के उपरोक्त दर्ज प्रकरणों पर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जा रही है। जिले में खनिजो के अवैध उत्खनन / परिवहन/भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु इसी प्रकार आगे भी निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।

# 16 हजार एनएचएम कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**बेमेतरा/नारायणपुर/मूक पत्रिका**



ग्राम पंचायत नारायणपुर सहित क्षेत्रों में इन दिनों छत्तीसगढ़ प्रदेश में कार्यरत 16हजार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन(एन एच एम) कर्मचारी अपनी नियमितीकरण एवं 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं, कर्मचारियों की हड़ताल का सीधा असर प्रदेश सहित गांवों के उप स्वास्थ्य केंद्रों सेवाओं पर सीधा असर स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है, जिससे अस्पतालों में मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदेश भर में जहां एक ओर मरीज इलाज के लिए अस्पतालों में इलाज के लिए भटक रहे हैं तो, वही दूसरी स्वास्थ्य सेवाओं के मानक तय करने वाले राष्ट्रीय पोर्टल का पूरा काम भी ठप हो गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश एन एच एम कर्मचारीयों का नियमितीकरण नहीं किया गयाहै। व समय-समय पर सरकार से वार्ता होने के बाद भी केवल आश्वासन मिलता रहा है, जिसे चलते स्वास्थ्य कर्मचारियों को तो स्थायित्व मिला न ही, उचित वेतनमान 10 सूत्रीय मांगों में नियमितीकरण,समान कार्य के लिए समान वेतन, स्थानांतरण नीति सेवा शर्तों का निर्धारण सामाजिक सुरक्षा लाभ सहित अन्य बिंदु शामिल हैं, सरकार की उपेक्षा और टालमटोल की निति से मजबूर होकर कर्मचारियों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। यह संघर्ष केवल कर्मचारियों का नहीं बल्कि प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था और लाखों मरीजों के हित से जुड़ा हुआ है। जो हम 20 वर्षों से प्रदेश की जनता की सेवा कर रहे हैं, और कोरोना महामारी हो या आपातकालीन परिस्थिति,एन एच एम कर्मियों ने हमेंशा अपने जिम्मेदारियां निभाई है, लेकिन आज जब हम अपने हक और भविष्य की सुरक्षा की बात करते हैं तो, सरकार मौन है। जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# सारागांव में सैकड़ों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने अपने प्रतिष्ठान बंद करके असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया ज्ञापन

## पुलिस अधीक्षक विजय पांडेय को शिकायत मिलते ही त्वरित कार्रवाई से सारागांव थाना प्रभारी सावन सारथी का किया गया लाइन अटैच

**जांजगीर चांपा/ सारागांव/मूक पत्रिका**



गांव में लगातार बढ़ रहे अपराध को लेकर सारागांव के ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया। ग्रामीणों ने अपराध पर अंकुश लगाने एक दिन के लिए व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद कर विरोध प्रदर्शन कर नगर निरीक्षक और पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया ज्ञापन ग्रामीणों ने बताया कि सारागांव में आए दिन नशे में धुत होकर असामाजिक तत्वों के द्वारा ग्रामीण सहित व्यावसायिक प्रतिष्ठान के संचालकों धमकी देते हुए मारपीट करते थे। वहीं दुकान संचालक जान जोखिम के बावजूद अपने दुकान का संचालन करते थे। कई बार पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को जानकारी देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही थी। जिससे परेशान होकर ग्रामीणों ने विरोध दर्ज करने एक दिन के लिए अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद कर जिले के पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा दिया ज्ञापन तथा उचित कार्रवाई करने का निवेदन किया जिस पर जिले के पुलिस अधीक्षक विवेक पाण्डेय ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सारागांव के थाना प्रभारी सावन कुमार सारथी को लाइन अटैच कर दिया। वहीं यातायात में पदस्थ सुभाष चौबे को सारागांव का दायित्व दिया गया है। खुलेआम गांव में हो रहा अवैध शराब बिक्री ग्रामीणों ने यह भी बताया कि गांव के हर गली मोहल्ले में अवैध रूप से शराब बेचा जाता है। जिसके चलते असामाजिक लोगों का जमावड़ा हर गली मोहल्ले में लगा रहता है आए दिन नशे में चूर असामाजिक लोग स्कूली बच्चों, महिलाओं से छेड़खानी भी करते है। इस पूरे घटना क्रम को लेकर ग्रामीणों में काफी गुस्सा देखने को मिल रहा है सैकड़ों की संख्याओं में जिलामुख्यालय पहुंचे ही पुलिस अधीक्षक से शिकायत किया गया जिससे उन्होंने आश्वासन दिया कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया जाएगा खबर लिखे जाने तक शाम को नगर निरीक्षक रक्षित केंद्र स्थानांतरित किया गया

### अपराधियों में नहीं कानून का खौफ

गांव में नशे का व्यापार करने वालों पर कानून का जरा भी खौफ नजर नहीं आता है। प्रतिबंधित दवाएं, अवैध शराब, गांजा सहित तमाम प्रकार के नशे का व्यापार गांव में बड़ी मात्रा में पनप रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस द्वारा समय समय पर उचित कार्रवाई नहीं करने के कारण ही अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों को बल मिल रहा है।

### अपराधों पर रोकथाम के लिए गुंडा एक्ट क्यों लागू नहीं करती पुलिस प्रशासन

ग्रामीणों ने बताया कि अपराधी और पुलिस की सांठ - गांठ से अपराध बढ़ते है अपराधियों के हौंसले इतने बुलंद इसलिए भी है कि पुलिस लेन - देन कर मामूली धारा लगा के सिर्फ खानापूर्ति कर देती है जिससे आम ग्रामीणों में बड़ी संख्या में रोष व्याप्त है।

# चार माह से फरार चल रहे 02 आरोपियों को पकड़ने में थाना शिवरीनारायण पुलिस को मिली सफलता

**जांजगीर चांपा/ /मूक पत्रिका**



मामले में आरोपियों द्वारा एक राय होकर अश्लील गाली गलौच कर हुए जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर हो गया था फरार। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। आरोपियों के विरुद्ध धारा 118 (1), 296, 351(3), 115 (2), 3 (5) क्व्हस् के तहत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।गिरफ्तार आरोपी- 01. सूरज वर्मा उम्र 22 साल निवासी पेंड्री थाना पामगढ़। 02. तारा कश्यप उम्र 21 साल निवासी पामगढ़ थाना पामगढ़।मामले में दिनांक 14.04.25 को प्रार्थी सत्यम कुमार टंडन निवासी पामगढ़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया था की आरोपियों द्वारा एक राय होकर ग्राम मेंहदी बस स्टेंड के पास रंजिश को लेकर अश्लील गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर भाग गया जिसकी सूचना रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना शिवरीनारायण में अपराध क्रमांक 116/2025 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।विवेचना दौरान आरोपी सूरज वर्मा एवं तारा कश्यप को उसके सकुनत से पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है।

# खम्हरिया एवं मारो स्टाफ द्वारा नशा मुक्ति की शपथ, साइबर फ्राड, फर्जी काल, ठगी, यातायात नियमो व अन्य अपराधों के संबंध में किया गया जागरूक

- सड़क पर घूमते और बैठे मवेशियों के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए दी गई समझाइश





**बेमेतरा/मूक पत्रिका**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के लिए ÷हमर पुलिस हमर बजार÷ एवं ÷हमर पुलिस हमर गांव÷ अभियान की शुरुआत किया गया हैं जिसके माध्यम से प्रति दिन पुरे जिले में बाल सुरक्षा पर आधारित ÷अभिव्यक्ति÷ अभियान एवं महिला शसक्तिकरण, बालक/बालिकाओ/ महिलाओं की सुरक्षा, नशा मुक्ति के खिलाफ एवं सायबर अपराध, महिलाओं एवं बच्चो संबंधित अपराधों व यातायात के नियमों एवं चलित थाना के माध्यम से हॉट/बाजारों, गांव एवं स्कुल, कालेजों में छात्र/छात्राओं, आमजनों को जागरूक करने जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह के मार्गदर्शन में 18 अगस्त 2025 को ÷हमर पुलिस हमर बजार÷ एवं ÷हमर पुलिस हमर गांव÷ अभियान के माध्यम से थाना प्रभारी खम्हरिया सहायक उप निरीक्षक द्वारिका प्रसाद देशलहरे, चौकी प्रभारी मारो सउनि जितेन्द्र कश्यप एवं अन्य स्टाफ के द्वारा खम्हरिया थाना परिसर एवं मारो हॉट/बाजार में आम जनता से संवाद कर, ग्रामीण अंचल से आये ग्रामवासियो को ÷नशा मुक्त जीवन÷ की शपथ दिलाई गई। सभी ने ÷नशा मुक्त जीवन÷ की शपथ ली और सभी उपस्थितजन ने ÷जिंदगी को हाँ, नशे को ना÷ का संकल्प लेते हुए नशीली दवाओं के सेवन से दूर रहने और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। इस दौरान ग्रामीण अंचल से आये ग्रामीण जन को बताया कि नशा न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक रूप से भी व्यक्ति और परिवार को नुकसान पहुँचाता है। सभी को समाज में नशे के खिलाफ सशक्त संदेश देने तथा दूसरों को भी जागरूक करने की अपील की। साथ ही सायबर, फर्जी काल, ठगी, यातायात नियमो व अन्य अपराधों के संबंध में जागरूक किया गया। जिसमें बालिकाओं/महिलाओ पर हो रहे अपराध एवं मोबाइल से सम्बन्धित होने वाले अपराध एवं उनके रोकथाम तथा महिलाओ एवं बालिकाओ पर हो रहे लैंगिक शोषण के बचाव एवं कारण से संबंधित तथा सायबर अपराधों से बचाव हेतू महत्तवपूर्ण जानकारी साझा की गई। साइबर अपराध, फर्जीकाल ठगी और 03 नवीन कानून के संबंध में अवगत कराते हुये अन्य कानूनी जानकारियां दी गई। उन्होने बाहरी लोगों की आवाजाही, असामाजिक तत्वों व अवैध कारोबारी में लिप्त लोगो एवं सोना - चांदी चमकाने के नाम पर ठगी करने वालो पर कड़ी नजर रखने और पीकप, मालवाहन में सवारी नहीं बैठाने, यातायात के नियमों का हमेशा पालन किये जाने एवं सभी को हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित किया गया। साथ ही पुलिस टीम द्वारा उपस्थित जन को समझाया गया कि सड़क पर घूमते और बैठे मवेशियों के कारण आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं, जिससे न केवल वाहन चालकों की जान को खतरा होता है, बल्कि मवेशियों की भी मृत्यु हो जाती है। इसके अतिरिक्त, पुलिस टीम ने उपस्थित जन से अपील कर कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के मवेशी पालकों को समझाइश देना कि वे अपने मवेशियों को घर पर रखें या चरवाहों की देखरेख में ही चराने भेजें। मवेशियों को सड़क पर स्वतंत्र रूप से न छोड़ा जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। आमजन को बेमेतरा पुलिस के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के लिए ÷हमर पुलिस हमर बजार÷ एवं ÷हमर पुलिस हमर गांव÷ के माध्यम से चौपाल लगाकर लगातार हॉट/बाजार एवं गांव ङ्क गांव में जाकर जागरूक किया जा रहा है।

**किसानों का दर्द, हमारी मेहनत बह गई, अब न्याय चाहिए**

# मौके पर पहुंची प्रशासन, किसानों में जगी उम्मीद, पर सवाल अब भी बरकरार







किसानों का आह्वान, जवाब दो या आंदोलन झेलो
हाइड्रो प्रबंधन की मनमानी, किसानों की फसल डूबी, प्रशासन मौन, क्या अंग्रेजी हुकूमत का दौर ?

**सूरजपुर/भैयाथान/मूक पत्रिका**

भारी बारिश और हाइड्रो पावर प्लांट से छोड़े गए पानी के कारण डूबे खेत और बर्बाद फ़सलों की खबर ने आखिरकार प्रशासन को जगा दिया। मीडिया में लगातार उठाए गए सवालों के बाद सोमवार को प्रशासनिक अमला दल-बल के साथ मौके पर पहुँचा। एसडीएम मैडम, तहसीलदार, जल संसाधन विभाग के ईई, एसडीओ सहित कई अधिकारी किसानों के बीच पहुँचे और हालात का जायजा लिया।

अधिकारियों ने पानी से तबाह हुई फ़सलों को देखा और किसानों की पीड़ा सुनी। मौके पर मौजूद किसानों ने प्रशासन की तत्परता को सराहा और कहा अब उम्मीद है कि अन्याय नहीं होगा, हमें हमारा हक़ और न्याय मिलेगा। लेकिन साथ ही उन्होंने यह भी पूछा कि क्या यह कार्रवाई सिर्फ औपचारिकता बनकर रह जाएगी या वास्तव में किसानों को वाजिब मुआवजा और समस्याओं का समाधान मिलेगा?

### किसानों का दर्द, हमारी मेहनत बह गई, अब न्याय चाहिए

किसानों ने स्पष्ट कहा कि हाइड्रो प्रबंधन की मनमानी और प्रशासन की लापरवाही ने उनकी सालभर की मेहनत को पानी में बहा दिया। धान की फ़सल बर्बाद हो चुकी है, और खेतों में सिर्फ कीचड़ रह गया है। ऐसे में सिर्फ जांच टीम के दौरे से कोई राहत नहीं मिलने वाली। किसान मांग कर रहे हैं कि नुकसान का तत्काल आकलन कर उचित मुआवजा दिया जाए।

### गंभीर सवाल जो जवाब मांगते हैं

क्या प्रशासन सिर्फ कागजी खानापूर्ति करेगा या दोषियों पर सख्त कार्रवाई भी होगी? क्या हाइड्रो पावर प्रबंधन को जवाबदेह ठहराया जाएगा? क्या किसानों को उनकी फ़सल का वाजिब मुआवजा मिलेगा? क्या भविष्य में ऐसी तबाही रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे?

### किसानों की उम्मीदें, लेकिन भरोसा अधूरा

प्रशासन की तत्परता ने किसानों में उम्मीद जरूर जगाई है, लेकिन यह भरोसा तभी कायम होगा जब उन्हें न्याय मिलेगा। सवाल यह है कि यह दौरा केवल दिखावे तक सीमित रहेगा या पीड़ित किसानों को मिलेगा उनका हक़ और जिम्मेदारों पर गिरेगी गाज? अब पूरा जिला निगाहें गड़ाए बैठा है, क्या यह कार्रवाई किसानों की जिंदगी में नई रोशनी लाएगी या पहले की तरह जांच की फ़ाइलें फ़िर धूल खाती रहेंगी?

## संपादकीय

### निर्दोष नागरिकों और मासूम पक्षियों के लिए मौत की डोर है चीनी मांझा

रंग-बिरंगी पतंगें उड़ा कर लोग खुश होते हैं, लेकिन जिस चीनी मांझे के सहारे ये उड़ाई जाती हैं, वह कई निर्दोष नागरिकों और मासूम पक्षियों के लिए मौत की डोर से कम नहीं साबित हो रहीं। पतंगबाजी के रोमांच के अब आए दिन जानलेवा होने तक की खबरें आ रही हैं। बावजूद इसके स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अधिकतर लोग चीनी मांझे से पतंग उड़ाते हैं। दरअसल, प्लास्टिक और धातु का मिश्रण होने से यह मांझा इतना धारदार बन जाता है कि इससे उलझ कर हर वर्ष कितने ही पक्षियों की मौत हो जाती है।कई लोग जख्मी हो जाते हैं। इससे कई लोगों की जान जाने की खबरें भी आ चुकी हैं। सवाल है कि तमाम प्रतिबंध के बावजूद ये मांझे लोगों को मिल कैसे जाते हैं! जबकि हर वर्ष लोगों को संचार माध्यमों से जागरूक किया जाता है। इसके जोखिम के मद्देनजर कई बार अदालतों से आदेश जारी हुए हैं, राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने सख्त रुख अख्तियार किया है। लेकिन आज भी अगर चीनी मांझे बाजार में खुलेआम या चोरी छिपे बिक रहे हैं, तो इसे रोकने में संबंधित एजंसियां नाकाम क्यों हैं। यह किसकी लापरवाही का परिणाम है कि इसकी वजह से पक्षियों के उड़ने की आजादी खतरे में पड़ रही है, सड़क पर वाहन चलाने वाले भी जोखिम की जद में हैं। यह निराशाजनक ही है कि चीनी मांझे पर प्रतिबंध आज तक कारगर साबित नहीं हुए। जबकि चीनी मांझे पर कई राज्यों में रोक है। दिल्ली में वर्ष 2017 से पाबंदी है। इसे बेचने और खरीदने पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धारा 15 के तहत सजा और जुर्माने का प्रावधान है। खतरनाक मांझे बेच रहे लोगों पर छापे मारे जाते हैं, कुछ को गिरफ्तार भी किया जाता है। फिर भी चीनी मांझे बेचने और खरीदने का ऐसा क्या जुनून है लोगों में कि जोखिम की आशंका के बारे में जानते-बूझते हुए भी वे न तो सजा से डरते हैं और न किसी जुर्माने से। ऐसी स्थिति में इसके खतरों का दायरा बढ़ाने के लिए वैसे लोग भी जिम्मेदार हैं, जिन्हें सिर्फ अपने रोमांच और मनोरंजन की परवाह है। जाहिर है, इससे उपजी समस्या से पार पाने के लिए सरकार को बहुस्तरीय सख्ती बरतने की जरूरत है।

*ट्रंप ने कहा कि कोई समझौता तब तक नहीं होता, जब तक असल में समझौता नहीं हो जाता। अभी हम वहां तक नहीं पहुंचे जबकि व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन में चल रहे संघर्ष को खत्म करने में रूस ईमानदारी से रुचि रखता है किन्तु किसी टिकाऊ समझौते के लिए संघर्ष के मूल कारणों को खत्म करना होगा। पश्चिमी देशों और यूक्रेन को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि शांति प्रक्रिया में किसी तरह की बाधा या नुकसान न पहुंचाया जाये। ट्रंप साफ़ तौर पर अपने देश की समृद्धि की परवाह करते हैं लेकिन समझते हैं कि रूस के अपने हित हैं। हमारे रिश्ते व्यवसायिक हैं। पुतिन के इस दावे पर ट्रंप ने अपनी सहमति व्यक्त की यानी अगली व्यवसायिक मुलाकात मास्को में हो सकती है।*

# ट्रंप के षडयंत्र का अंग था अलास्का संवाद?

(डा. रवीन्द्र अरजरिया)

यूक्रेन-रूस युद्ध विराम का मुखौटा ओढकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया में अपनी सकारात्मक छवि स्थापित करने की एक बार फिर कोशिश की। अलास्का के एंकोरेज में उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ लगभग तीन घंटे तक एकान्त में बातचीत की जिसके आखिरी दौर में दोनों राष्ट्राध्यक्षों के साथ आये दो - दो प्रमुख सलाहकारों को भी वार्ता कक्ष में बुलाया गया। अमेरिका की ओर से विदेश मंत्री मार्को रुबियो और विशेष दूत स्टीव विटकॉफ तथा रूस की ओर से विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और विदेश नीति के सलाहकार यूरी उशाकोव ने अपनी भागदारी दर्ज की। वार्ता के उपरान्त संयुक्त रूप से पत्रकारों के सम्मुख वक्तव्य दिया गया। ट्रंप ने कहा कि कोई समझौता तब तक नहीं होता, जब तक असल में समझौता नहीं हो जाता। अभी हम वहां तक नहीं पहुंचे जबकि व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि यूक्रेन में चल रहे संघर्ष को खत्म करने में रूस ईमानदारी से रुचि रखता है किन्तु किसी टिकाऊ समझौते के लिए संघर्ष के मूल कारणों को खत्म करना होगा। पश्चिमी देशों और यूक्रेन को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि शांति प्रक्रिया में किसी तरह की बाधा या नुकसान न पहुंचाया जाये। ट्रंप साफ़ तौर पर अपने देश की समृद्धि की परवाह करते हैं लेकिन समझते हैं कि रूस के अपने हित हैं। हमारे रिश्ते व्यवसायिक हैं। पुतिन के इस दावे पर ट्रंप ने अपनी सहमति व्यक्त की यानी अगली व्यवसायिक मुलाकात मास्को में हो सकती है। पत्रकारों के प्रश्नों का उत्तर दिये बिना ही संयुक्त वार्ता समाप्त कर दी गई जिसके संबंध में रूसी राष्ट्रपति के प्रेस सचिव दिमित्री पेस्कोव ने स्पष्ट किया कि व्यापक टिप्पणी करने के कारण सवाल नहीं लेने का निर्णय लिया गया था। संयुक्त रूप से व्यापक बयान दिए गए थे। बातचीत वास्तव में बहुत अच्छी रही। इस तरह की बातचीत से मिलकर शांति का रास्ता तलाशने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए जा सकते हैं। इस घटना क्रम को समूची दुनिया केवल और केवल रूस-यूक्रेन युद्ध विराम के प्रयासों के रूप में ही देख रही है जबकि सूत्रों की मानें तो यह वास्तव में ट्रंप की एक षडयंत्रकारी योजना का महात्वपूर्ण अंग है जिसे शान्ति वार्ता के रूप में प्रचारित किया गया। एक ऐसी वार्ता जिसमें दूसरे पक्ष यानी यूक्रेन की भागीदारी आवश्यक ही नहीं समझी गई। वहां के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की या उनके किसी प्रतिनिधि को शामिल नहीं किया गया। जबकि चर्चा का मुख्य विषय यूक्रेन युद्ध ही घोषित था। तीन घंटे तक चले संवाद और विदेश मंत्रालयों की भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इसमें केवल युद्ध विराम के मसला पर ही विचार-विमर्श नहीं हुआ बल्कि दुनिया की पूरी ठेकेदारी एक साथ मिलकर करने की गुप्त



योजना पर भी चर्चा हुई। तभी तो पुतिन ने अपने वक्तव्य में स्पष्ट रूप से संकेत दिये कि रूस और अमेरिका के संबंध व्यवसायिकता पर ही केन्द्रित हैं। यानी अमेरिका अपने टैरिफ बम से रूस को सीधा नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहा है जबकि रूस अपने मित्रों के साथ तेल निर्यात सहित अन्य संसाधनों के आदान-प्रदान करके अपनी मजबूती को नये आयाम देने में जुटा है। दौनों राष्ट्राध्यक्षों ने अपने एकान्त संवाद में निश्चय ही संसार के वर्तमान परिदृश्य की समीक्षा की होगी। अपने-अपने हितों को साधते हुए विश्व मंच पर स्वयं की छवि उज्जवल करने की नीतियां बताई होंगी। आपसी सहयोग के बिन्दुओं को तलाशा होगा किन्तु अविश्वास के धरातल पर खडे अमेरिका कि स्वार्थपरिता के कारण ही निर्णायक स्थिति आकार नहीं ले सकी होगी। ऐसे में पत्रकारों के सामने चन्द शब्द बोलकर ट्रंप सहित पुतिन ने भी उस अध्याय को आगे बढा दिया। यथार्थ तो यह है कि विश्व का चौधरी बनने की चाह में ट्रंप ने एक बार फिर अपनी घातक चाल चली ताकि रूस के साथ संतुलन बनाते हुए भारत के विशालतम बाजार पर कब्जा किया जा सके। भारत की दम पर राष्ट्रपति बनने वाले अहसानफरामोश ट्रंप का स्वार्थी चेहरा अब बेनकाब हो चुका है। समूची दुनिया को अपने सामने झुकाने का मंसूबा पालने वाले अमेरिका की वर्तमान नीतियां उसी के लिए घातक होतीं जा रहीं हैं। अमेरिका का पाकिस्तान की गलबहियां करते ही चीन ने भारत के साथ नजदीकियां बढाना शुरू कर दीं। उल्लेखनीय है कि अलास्का में बैठक के लिए जाते समय अमेरिकी एयर फोर्स वन से फाक्स न्यूज को दिए साक्षात्कार में डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को रेखांकित करते हुए कहा था कि असल में उन्होंने एक ऑयल क्लाइंट खो दिया है यानी भारत, जो लगभग 40 प्रतिशत तेल ले रहा था। चीन, जैसा कि आप जानते हैं, काफी मात्रा में ले रहा है। और अगर मैंने सेकेंडरी सेक्शन्स लगाए तो यह उनकी दृष्टि से बेहद विनाशकारी होगा। अगर मुझे करना पड़ा तो मैं करूंगा, शायद मुझे ऐसा न करना पड़े। वहीं अलास्का में रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उन्हें अभी रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर जवाबी टैरिफ लगाने के बारे में नहीं सोचना पड़ेगा, लेकिन उन्हें दो या तीन सप्ताह में सोचना पड़ सकता है। इस तरह के नहीं सोचना पडेगा, सोचना पडेगा, जैसे अस्पष्ट बयानों से ट्रंप का मानसिक दिवालियापन एक बार फिर संसार के सामने आया। समूची दुनिया में इस मुलाकात को भले ही रूस-यूक्रेन युद्ध के शान्तिपूर्ण हल की दिशा में मील का पत्थर माना जा रहा हो परन्तु ट्रंप के षडयंत्र का एक अंग था अलास्का संवाद जिसके प्रति विश्व को अभी से सचेत होने की आवश्यकता है अन्यथा आने वाले समय में अमेरिका के कारण मानवता को तीसरे विश्वयुद्ध की विभीषिका झेलना पड सकती है। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# तेज भागने के चक्कर में हम भूल गए हैं कि जाना कहां है

(सुंदरचंद ठाकुर)

हम सब तेज भाग रहे हैं। किसी को कुछ हासिल करना है, किसी को कुछ साबित करना है, किसी को किसी से आगे निकलना है। सुबह आंख खुलते ही दौड़ शुरू हो जाती है - काम की, समय की, सफलता की, नाम की। पर कभी सोचा है कि ये रेस किसके लिए है? और किस दिशा में है? कहीं ऐसा तो नहीं कि हम इतनी तेजी से भाग रहे हैं कि रास्ता ही भूल गए हैं? या शायद मंजिल ही बदल गई है, पर हम रुके नहीं, जांचने नहीं गए। बस उसी रफ्तार से भागे जा रहे हैं, जैसे बस दौड़ते रहना ही जीवन हो। आज की दुनिया में हर चीज फास्ट हो गई है ङ्क फास्ट इंटरनेट, फास्ट फूड, फास्ट डिलीवरी, फास्ट रिजल्ट। धीरे चलने का मतलब है पीछे छूट जाना। ठहरने का मतलब है असफलता। और इस डर में, हम दौड़ते चले जा रहे हैं। पर भीतर कहीं कुछ चुपचाप टूटता जा रहा है।

दौड़ में सबसे पहले जो खोता है, वह है शांति। फिर आता है ध्यान। फिर रिश्ते। और धीरे-धीरे, हम खुद को ही खो देते हैं। हम जो बनना चाहते थे, वह छवि पीछे छूट जाती है। हम जिस इंसान को बचाकर रखना चाहते थे वो मासूम, वो संवेदनशील, वो सोचने-समझने वाला इंसान ङ्क वह इस तेज रफ्तार में कहीं धुंधला पड़ जाता है। हम सुबह जागते हैं, मोबाइल उठाते हैं, सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करते हैं। हर कोई कुछ कर रहा है ङ्क किसी ने कोई बड़ी डील क्लोज की है, कोई विदेश घूम रहा है, कोई नया बिजनेस लॉन्च कर रहा है और हम बेचैन हो जाते हैं। लगता है हमें भी दौड़ना है। कहीं पीछे न रह जाएं।

दौड़ में सबसे पहले जो खोता है, वह है शांति। फिर आता है ध्यान। फिर रिश्ते। और धीरे-धीरे, हम खुद को ही खो देते हैं। हम जो बनना चाहते थे, वह छवि पीछे छूट जाती है। हम जिस इंसान को बचाकर रखना चाहते थे वो मासूम, वो संवेदनशील, वो सोचने–समझने वाला इंसान ङ्क वह इस तेज रफ्तार में कहीं धुंधला पड़ जाता है। हम सुबह जागते हैं, मोबाइल उठाते हैं, सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करते हैं। हर कोई कुछ कर रहा है ङ्क किसी ने कोई बड़ी डील क्लोज की है, कोई विदेश घूम रहा है, कोई नया बिजनेस लॉन्च कर रहा है और हम बेचैन हो जाते हैं। लगता है हमें भी दौड़ना है। कहीं पीछे न रह जाएं।




लेकिन रुककर पूछने वाला कोई नहीं बचा कि क्या जिस रास्ते पर हम भाग रहे हैं, वह वाकई हमारे लिए है? कभी-कभी सबसे बहादुरी भरा कदम होता है रुक जाना। अपनी रफ्तार को धीमा करना। भीतर की आवाज सुनना। खुद से पूछना 'क्या मैं खुश हूं?' क्योंकि जीवन कोई प्रतियोगिता नहीं है। यह एक यात्रा है। और अगर इस यात्रा में आप सिर्फ भागते रहे और नज़ारे ही नहीं देखे, तो अंत में बस थकान बचेगी, अनुभव नहीं। कई बार जिनको हम पीछे समझते हैं, वे असल में अपने जीवन के सबसे सुंदर मोड़ पर होते हैं। वे चल रहे होते हैं ङ्क फूलों को देखते हुए, रिश्तों को सींचते हुए, अपने मन से बातें करते हुए। वे देर से पहुंचते हैं, पर सही जगह पहुंचते हैं। आज ज़रूरत इस बात की है कि हम रफ्तार को सफलता से न जोड़ें। सफलता वह नहीं जो तेज भागने से मिले, सफलता वह है जो अपने भीतर की सच्चाई को जीने से मिले। शायद हमें रुककर सोचने की जरूरत है क्या हम जी रहे हैं या बस दौड़ रहे हैं?

इस बात को समझलीजिए कि भागने का कोई मतलब नहीं है क्योंकि आखिरी में जीवन कोई प्रतियोगिता नहीं है, वह तो एक धीमी नदी है, जो भीतर बहती है।

जो जितना शांत होता है, वह उतना गहरा उतरता है।

जो जितना धीरे चलता है, वह उतना अधिक देखता है।

और जो खुद को पूरे होश में जितना देखने लगे वही सचमुच और उतना ही जिंदा होता है। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5826

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | 8 | | | ■ |
| 9 | | | ■ | ■ | ■ | ■ | 10 |
| | ■ | ■ | 11 | 12 | | 13 | |
| 14 | 15 | 16 | | | ■ | | ■ |
| ■ | 17 | | ■ | 18 | 19 | | 20 |
| 21 | | ■ | 22 | ■ | | ■ | |
| 23 | | | | ■ | 24 | | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. अमेरिकी कांग्रेस ने 23 सितंबर 1986 को इस पुष्प को अमेरिका का राष्ट्रीय फूल चुना (3)
4. प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंगों में से एक (4)
7. तीव्र उत्कंठा, प्रबल अभिलाषा (3)
8. कामदेव के नामों में से एक, मनोज (3)
9. शेष रहना, कामचोरी करना (3)
11. मुगल शासकों के शासन करने का समय (5)
14. भारत का एक प्रमुख दैनिक समाचार पत्र या अखबार, नया जमाना (5)
17. बल, फूंक (2)
18. दस हजार हाथियों के बराबर बल होने के कारण पांडुपुत्र भीम का एक नाम (4)
21. एक दिवंगत हास्य अभिनेता जिन्होंने 180 से अधिक फिल्मों में काम किया (2)
23. यह मुगल शासक भारत का पांचवा मुगल शहंशाह था (4)
24. रूप या अस्तित्व प्रदान होना (3)

**ऊपर से नीचे**

1. फूल जैसा कोमल बदन वाला या बदनवाली (5)
2. लोभ, लोलुपता (3)
3. बकवास करना, प्रलाप करना (3)
4. ऋग्वेद के अनुसार एक प्रकार का पेय पदार्थ जो देव और दानव दोनों को प्रिय था (2)
5. उन्माद, मद्य, मन तरंग (2)
6. एक प्रकार की मोटी खमीरी रोटी (2)
10. वर्ष, परकोटा, वय गणना (2)
11. ऋषि, तीर्थंकर, अवाचाल (2)
12. दक्षिणी अमेरिका के उत्तरी-पूर्वी तट पर स्थित देश जिसकी राजधानी जार्जटाउन है (3)
13. मुंशी, लिखने वाला (3)
15. मुसल्ला (4)
16. पूंछ, लूम (2)
19. दीन, दरिद्र, कंगाल, निर्धन (3)
20. रिश्तें में कुछ होना, सटना (3)
21. किसी वस्तु को पाने की प्रबल अभिलाषा, तीव्र उत्कंठा (2)
22. किस जगह, किस स्थान पर, किधर (2)

### वर्ग पहेली 5825 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | इ | क | ल | फै | रा | डे | ■ |
| या | क | ■ | ता | न | ■ | ब | ला |
| ■ | रा | पी | ■ | ■ | ई | रा | न |
| मो | र | ■ | द | र | मा | ■ | त |
| र | ■ | शो | ■ | म | न | न | ■ |
| ध्व | नि | ले | ख | ■ | डि | ग | ना |
| ज | ज | ■ | रा | ज | ग | ■ | म |
| ■ | ता | ला | ब | ■ | ना | सि | क |

# नागासाकी में किया गया था परमाणु हमला, एक झटके में लाखों लोगों ने गंवाई थी जान

(अनन्या मिश्रा)

आज ही के दिन यानी की 09 अगस्त 1945 को अमेरिका ने जापान के शहर नागासाकी पर दूसरा परमाणु हमला किया था। इस हमले में लाखों निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। बता दें कि यह धमाका इतना भयानक था कि परमाणु हमले के धमाके की आवाज से लोग बहरे हो गए थे।

09 अगस्त 1945 को अमेरिका ने जापान के शहर नागासाकी पर दूसरा परमाणु हमला किया था। इस हमले में लाखों निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। बता दें कि यह धमाका इतना भयानक था कि परमाणु हमले के धमाके की आवाज से लोग बहरे हो गए थे और तेज रोशनी के कारण लोग अंधे हो गए थे। इस धमाके से उत्पन्न होने वाली गर्मी के कारण लोगों की चमड़ी पिघल गई थी। नागासाकी हमले को आज 80 साल पूरे हो चुके हैं।

## दर्दनाक था हमला

यह हमला इतना दर्दनाक और घातक था कि इसका अंदाजा आप इस बात से लगा सकते हैं कि हमले में हजारों लोगों की तत्काल मौत हो गई थी। वहीं अन्य जो इस हमले के संपर्क में आए, उनकी मौत 2-3 महीने के अंदर हो गई। वहीं साल के अंत तक इन बमबारी में करीब 2 लाख लोग मौत के मुंह से समा गए थे।

## नागासाकी का दर्द

बता दें कि नागासाकी क्यूशू के पश्चिमी तट पर एक औद्योगिक केंद्र और प्रमुख बंदरगाह था। हिरोशिमा की तरह सुबह-सुबह हवाई हमले की चेतावनी साफ हो गई थी। जिस कारण 01 अगस्त को नागासाकी पर छोटे हमले से शहर के कुछ हिस्सों को खाली करना पड़ा था। वहीं जब 09 अगस्त को बम फटा तो शहर में करीब 2,00,000 लोग मौजूद थे। जल्दबाजी में किए गए इस हमले में शहर के दो प्रमुख ठिकानों दक्षिण में मित्सुबिशी स्टील एंड आर्म्स वर्क्स और उत्तर में मित्सुबिशी-उराकामी टॉरपीडो वर्क्स के ठीक बीच को निशाना बनाया गया।

बताया जाता है कि हिरोशिमा में गिए लिटिल बॉय से नागासाकी में गिराए गए परमाणु बम फैटमैन का धमाका अधिक तेज था। हालांकि नागासाकी में हिरोशिमा जितना नुकसान नहीं हुआ था। ऐसा इसलिए क्योंकि नागासाकी के आसपास पहाड़ियां हैं। जिस कारण बम का विस्फोट से गर्मी और रेडिएशन का प्रभाव कम हुआ।

## आज का राशिफल

### मेष

आज कार्यक्षेत्र में आपको अपनी निर्णय लेने की क्षमता के चलते लाभ प्राप्त हो सकता है। साथ ही, कुछ साहसिक निर्णयों और कार्यों के चलते आपका व आपके परिवार का गौरव भी बढ़ेगा। नौकरी करने वालों का दिन भी अच्छा रहने वाला है और कार्य समय पर पूर्ण होंगे। वहीं, आप सामाजिक और धार्मिक कार्यों में भी भाग ले सकते हैं, जिससे मन को सुकून मिलेगा।

### वृष

आज आपको कार्यस्थल पर आज अपने किसी प्रोजेक्ट या कार्य में बड़ी सफलता प्राप्त हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा और सम्मान में भी वृद्धि होगी। सांसारिक सुख के साधनों में वृद्धि होगी और आमदनी के नए मार्ग भी खुलते जाएंगे। कोई भी नया काम शुरू करने से पहले माता-पिता का आशीर्वाद लेना लाभदायक साबित होगा। शाम के समय परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत हो सकता है।

### मिथुन

आज कारोबार के मामले में आपको कुछ बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है। अगर कोई कानूनी मामला चल रहे है, तो उसमें सावधान रहने की जरूरत है। अन्यथा परेशानी खड़ी हो सकती है। वहीं, कार्यस्थल पर समय पर सही निर्णय ले पाने के कारण आपको बाधाओं और हानि का सामना करना पड़ सकता है।

### कर्क

आज अगर लंबे समय से कार्यस्थल पर आपका प्रमोशन रुका हुआ है तो अब वह पूर्ण हो सकता है। साथ ही, आप अपने बात करने के तरीके और व्यवहार से किसी बड़े अधिकारी को अपनी ओर आकर्षित कर सकते हैं। निर्णय लेने की क्षमता से भी आपको लाभ प्राप्त होगा। लेकिन स्वास्थ्य पर खास ध्यान देने की जरूरत होगी।

### सिंह

आज व्यापार करने वालों को कार्यक्षेत्र में कुछ नए परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं। वहीं, नौकरी करने वालों के अधिकार में वृद्धि होगी, जिससे आपको आर्थिक लाभ भी मिल सकता है और समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आर्थिक मामलों में आपको अपेक्षा से अधिक धन प्राप्त हो सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

### कन्या

आज कार्यक्षेत्र में आपके अधिकारों में वृद्धि हो सकती है और कुछ नई जिम्मेदारियां मिलने की भी संभावना है। अपने सुख के साधनों को बढ़ाने के लिए कुछ धन भी खर्च कर सकते हैं और दूसरों की सेवा में दिन बीतेगा। व्यापार के मामले में धन कमाने के नए रास्ते मिल सकते हैं और परिवार में संतान से कोई शुभ समाचार मिलने की संभावना है।

### तुला

आज कामकाज के मामले में दिन सामान्य से कम अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सोच-विचार करके काम करने के बावजूद कुछ नुकसान होने की संभावना बनी हुई है। ऐसे में आपको किसी भी जोखिम भरे काम को करने या फैसले लेने से बचना होगा। व्यापार करने वालों को भी छोटे-छोटे नुकसान हो सकते हैं, जिससे मन उदास रहेगा। परिवार के साथ समय बिताना आपके लिए ज्यादा अच्छा रहेगा।

### वृश्चिक

आज नौकरी करने वालों के पद में वृद्धि हो सकती है और अधिकार बढ़ने की भी संभावना है। आपको किसी बहुमूल्य वस्तु से लाभ प्राप्त हो सकता है और कार्यस्थल आपके साहस से विरोधी परास्त हो जाएंगे। सुखों में भी वृद्धि हो सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा और परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। आप बच्चों के साथ अच्छा समय व्यतीत कर सकते हैं।

### धनु

आज कार्यक्षेत्र में आप नई-नई योजनाएं बना सकते हैं और किसी नए प्रोजेक्ट पर भी काम शुरू किया जा सकता है। अगर आपका धन लंबे समय से कहीं अटका हुआ था, तो अब वह भी वापस मिल सकता है। लेकिन शाम के समय आपको कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में सोच-समझकर फैसले लेना बेहतर रहेगा। संतान से जुड़ा कोई समाचार आपको निराश कर सकता है।

### मकर

आज आप पूरे दिन उत्साह और जोश से भरे रहेंगे, लेकिन आर्थिक मामलों में आपको कुछ अनावश्यक खर्चों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में बजट बनाकर चलना फायदेमंद रहेगा। नौकरी करने वालों का प्रमोशन हो सकता है और बड़ी मात्रा में धन लाभ होने की भी संभावना है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। परिवार के साथ भी आप अच्छा समय बिताएंगे।

### कुंभ

आज कार्यक्षेत्र में आपको कोई भी काम जल्दबाजी में करने से बचना होगा, अन्यथा हानि का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में हर निर्णय या कार्य को धैर्य के साथ करना बेहतर रहेगा। हालांकि, आपके भौतिक सुख के साधनों में वृद्धि होगी और नए-नए कार्यों की शुरुआत करने से भविष्य में बड़ा लाभ मिल सकता है। संतान से जुड़ा कोई शुभ समाचार भी सुनने को मिल सकता है।

### मीन

आज स्वास्थ्य कुछ ठीक नहीं रहेगा। आपको पेट से जुड़ी किसी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। इसका असर कामकाज पर भी पड़ेगा। व्यवसाय के मामले में अगर आप लोन लेना चाहते हैं, तो वह आसानी से मिल सकता है। नई-नई योजनाएं बनाकर उन्हें आगे बढ़ाने से सफलता प्राप्त हो सकता है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और पराक्रम भी बढ़ेगा।

# घर के मंदिर में नहीं रखनी चाहिए ये मूर्तियां

## जानें वास्तु के सही नियम

घर में पूजा घर का विशेष महत्व होता है। यह एक ऐसा स्थान होता है, जहां ऊर्जा का संचार सबसे शुद्ध और सकारात्मक माना जाता है। इसलिए इसे हमेशा साफ-सुथरा और नियमों के अनुसार रखना जरूरी है। वास्तु शास्त्र में पूजा घर से जुड़े कुछ नियम बताए गए हैं। इसमें यह भी बताया गया है कि घर के मंदिर में कौन सी मूर्तियां या तस्वीर रखना शुभ या अशुभ होता है। आइए जानते हैं कि पूजा घर में किस प्रकार की मूर्तियों को रखने से बचना चाहिए और किन्हें रखना



**पूजा घर से जुड़े वास्तु नियम**

पूजा स्थल की पवित्रता बनाए रखना बहुत जरूरी है। यहां हर रोज साफ-सफाई करनी चाहिए और गंदगी या अव्यवस्था से बचना चाहिए। घर के मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्तियों को रखने के कुछ विशेष नियम होते हैं। मूर्तियों की संख्या सीमित होनी चाहिए और उन्हें साफ-सुथरे स्थान पर रखा जाना चाहिए।

**राधा-कृष्ण की मूर्ति**



वास्तु के अनुसार पूजा घर में राधा-कृष्ण की मूर्ति साथ में रखना बहुत शुभ माना जाता है। यह प्रेम और सौहार्द का प्रतीक होता है।

**विष्णु और शिवलिंग साथ में न रखें**

भगवान विष्णु और शिवलिंग को एक ही स्थान पर नहीं रखना चाहिए क्योंकि दोनों की पूजा विधियां अलग होती हैं।



**त्रिदेव की मूर्ति एक साथ न रखें**

ब्रह्मा, विष्णु और महेश, इन तीनों की प्रतिमाएं एक साथ रखने से बचना चाहिए। यह वास्तु नियमों के अनुसार उचित नहीं माना जाता।

**हनुमान जी की मूर्ति बेडरूम में न रखें**

विवाहित जोड़ों को अपने शयनकक्ष में हनुमान जी की मूर्ति नहीं रखनी चाहिए, क्योंकि वे ब्रह्मचारी हैं और उनके स्थान के लिए अलग पूजा क्षेत्र होना चाहिए।

**मृतकों की तस्वीरें न रखें**

पूजा घर में दिवंगत परिजनों की तस्वीरें या मूर्तियां नहीं रखनी चाहिए। इससे पूजा स्थान की शुद्धता प्रभावित हो सकती है।

**उग्र देवताओं की छवियां**

मां काली, शनि देव, राहु और केतु जैसे उग्र स्वभाव वाले देवताओं की तस्वीरें या मूर्तियां घर के मंदिर में नहीं रखनी चाहिए। इनकी पूजा विशेष विधियों से अलग स्थान पर की जाती है।



**क्रोधित मुद्रा की मूर्तियां न रखें**

पूजा घर में सिर्फ शांत, प्रसन्न और आशीर्वाद देती हुई मुद्रा में देवताओं की मूर्तियां रखें। संहार रूप या क्रोधित मुद्रा वाली मूर्तियां रखने से बचना चाहिए।

# चाय में कद्दूकस करके डालें अदरक

अदरक वाली चाय भला किसे पसंद नहीं होती हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि चाय में अदरक डालने का सही तरीका क्या है? अगर नहीं तो आइए हम आपको बताते हैं। हमारे देश में चाय सिर्फ एक पेय पदार्थ नहीं बल्कि इमोशन है। घर में चाहे कोई मेहमान आ जाए या दोस्तों के साथ गपशप करनी हो, मूड फ्रेश करना हो या नींद भगानी हो एक कप चाय मिल जाए तो पूरा दिन बन जाता है और सोने पर सुहागा तब होता है जब यह चाय अदरक वाली हो।



अदरक वाली चाय पीकर सिर दर्द से लेकर मूड फ्रेश हो जाता है। अक्सर देखा जाता है कि जो लोग अदरक वाली चाय बनाते हैं कई बार वह फट जाती है या फिर उसमें अदरक का स्वाद ऊपर नीचे हो जाता है, जिससे चाय अच्छी नहीं लगती है। ऐसे में हम आपको बताते हैं चाय में अदरक कैसे डालनी चाहिए-

अगर आप चाय में कद्दूकस करके अदरक डालते हैं तो इससे अदरक का रस डायरेक्ट चाय में चला जाता है और इससे चाय बहुत अच्छी और कड़क बनती है। इसलिए हमेशा चाय में अदरक किसकर ही डालें।

**कूटकर अदरक डालें**

जब आप किसी ओखली या बर्तन में अदरक को कूटकर चाय में मिलाते हैं तो अदरक का रस उस बर्तन या ओखली में ही रह जाता है, जिससे चाय में कम मात्रा में अदरक का रस जाता है और चाय का स्वाद इतना बेहतरीन नहीं आता है।

**चाय में कब डालें अदरक**

अक्सर लोगों का सवाल है कि चाय बनाते समय दूध में अदरक डालनी चाहिए या पानी में डालकर उबालना चाहिए? पानी में सबसे पहले चाय पत्ती और चीनी डालकर उबाल लें, इसके बाद अदरक डालकर एक उबाल आने दें और फिर दूध डालकर इसे अच्छी तरह से पका लें।

# आम के पत्तों के इन उपायों से बढ़ेगी सुख-समृद्धि, दूर होंगी हर बाधाएं





हिंदू धर्म में पेड़-पौधों की पूजा की जाती है। खासतौर पर पूजा-पाठ में आम की पेड़ की लकड़ियों और पत्तियों का इस्तेमाल बेहद शुभ माना जाता है। वास्तु शास्त्र में सभी दुख-दुविधाओं से छुटकारा पाने और सुख सौभाग्य के लिए आम के पत्तियों से जुड़े खास उपाय बताए गए हैं। इन उपायों से व्यक्ति के जीवन की सभी बाधाएं दूर होती हैं और जीवन में धन-संपन्नता और खुशहाली आती है। चलिए जानते हैं इन उपायों के बारे में...

**आर्थिक तंगी दूर करने के उपाय:**

रुका हुआ धन वापस पाने या धन की कमी को दूर करने के लिए आम के 11 पत्तियों की डाली को 11 बार कच्चे सूत से लपेटकर शहद में डुबोकर शिवलिंग के अशोक सुंदरी की जगह पर अर्पित करें। ध्यान रखें कि शहद से डुबे हुए भाग का मुख शिवलिंग की ओर हो। मान्यता है कि इन उपायों को करने से धन की तंगी दूर होती है और घर में धन-संपन्नता बढ़ती है।

**बुरी नजर होगी दूर:**

घर के मुख्यद्वार पर आम के पत्तों का तोरण लगाने से घर की सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है। परिवार के किसी भी सदस्य को बुरी नजर नहीं लगती है। घर की पॉजिटिविटी से हमेशा मांगलिक कार्यों के योग बनते हैं और घर में सुख-समृद्धि के मार्ग खुलते हैं।

**धन लाभ के उपाय:**

वास्तु शास्त्र के अनुसार, पूजा के दौरान आम के पत्तों पर बारिश का जल छिड़कने से धन की तंगी दूर होती है और धन लाभ के कई स्त्रोत बनते हैं।

**गणेश जी को चढ़ाए आम का पत्ता:**

वास्तु के अनुसार, शुभ कार्यों में गणेश जी को आम का पत्ता अर्पित करने से व्यक्ति के जीवन में सुख-सुविधाओं की कभी कमी नहीं रहती है और व्यक्ति के घर में धन-समृद्धि आती है। पूजा के दौरान घर के मंदिर आम के पत्तों से सजाना भी मंगलकारी माना जाता है।

**करियर में सफलता:**

मान्यता है करियर में आ रही बाधाओं से निपटने के लिए आम के पेड़ की जड़ों पर जल अर्पित करना चाहिए और आम के पेड़ को प्रणाम करें। ऐसी करने मात्र से करियर से जुड़ी दिक्कतें दूर होती हैं और सफलता के मार्ग खुलते हैं।

# सेहत का खजाना है काली किशमिश



ड्राई फ्रूट्स में शुमार की जाने वाली मीठी किशमिश तो आपने खूब खाई होगी। लेकिन, क्या आपने कभी काली किशमिश का स्वाद चखा है। आयुर्वेद में काली किशमिश को स्वास्थ्य के लिए रामबाण कहा गया है। इसे खाने से शरीर को बहुत सारे फायदे मिलते हैं। खासकर अगर महिलाओं के स्वास्थ्य की बात करें तो काली किशमिश को खाने के साथ-साथ इसका पानी पीने से मासिक धर्म की अनियमितता और हार्मोन का असंतुल भी ठीक हो सकते हैं। जानिए औरतों के लिए काली किशमिश और उसका पानी कितना फायदेमंद है। पीली किशमिश की तरह काली किशमिश भी शरीर में खून की कमी पूरी करती है। महिलाएं अक्सर एनीमिया का शिकार होती हैं और ऐसे में काली किशमिश एनीमिया में काफी आराम देती है। काली किशमिश में ढेर सारा आयरन होता है। काली किशमिश में प्रोटीन, आयरन और ढेर सारा फाइबर होता है। इसके अलावा काली किशमिश में पाए जाने वाले एंटी-ऑक्सिडेंट्स भी शरीर को कई तरह की बीमारियों से सुरक्षित रखते हैं।

- काली किशमिश आयरन से भरपूर होने के कारण महिलाओं के शरीर में ब्लड की कमी पूरी करती है। खासकर पीरियड्स (Periods) और डिलीवरी को बाद इसका सेवन जरूर करना चाहिए। इससे शरीर में ढेर सारा आयरन जाता है और खून की कमी पूरी होती है।
- पीरियड्स के दौरान अक्सर महिलाओं के शरीर में हॉर्मोनल इम्बैलेंस हो जाता है। कुछ ऐसा ही मैनोपॉज के दौरान होता है। ऐसे में अगर रोज काली किशमिश का पानी पिया जाए तो शरीर में हार्मोन का असंतुलन सही हो जाता है।
- बॉडी को सही तरीके से डिटॉक्स करने के लिए काली किशमिश बहुत कारगर मानी जाती है।
- काली किशमिश खूबसूरती को बरकरार रखने में काफी कारगर है। दरअसल इसका पानी रोज पीने से त्वचा पर प्राकृतिक ग्लो आता है और चेहरा चमकने लगता है।
- काली किशमिश में पाया जाने वाला आयरन महिलाओं के बालों को नैचुरली हेल्दी और शाइनी बनाए रखने में मदद करता है। अगर इसका पानी रोज पिया जाए तो बाल उम्र से पहले सफेद होने की परेशानी भी कम होने लगती है।

# नहाने के बाद जरूर करें ये 4 काम

## जीवन में होगा धन लाभ



आर्थिक रूप से समृद्ध रहने के लिए आपको घर में वास्तु का विशेष ध्यान रखना चाहिए। अघर आपके घर में वास्तु के हिसाब से चीजें नहीं हैं, तो इसकी वजह से कई दिक्कतें आ सकती हैं। ऐसा माना जाता है कि घर पर सुबह के समय वास्तु के हिसाब से काम करने से पॉजिटिव एनर्जी आती हैं और इससे आपको आर्थिक लाभ भी होता है। अगर आप सुबह के समय घर पर वास्तु के हिसाब से कुछ काम नहीं करते हैं, तो इससे कई नुकसान हो सकते हैं।

अगर आप अपने जीवन से नेगेटिव एनर्जी को खत्म करना चाहते हैं और आर्थिक रूप से खुद को मजबूत बनाना चाहते हैं, तो सुबह नहाने के बाद घर पर ये काम जरूर करें। ऐसा करने से आपको धन लाभ होता है और जीवन में शांति बनी रहती है। घर पर नहाने के बाद वास्तु के हिसाब से काम करने से आपको कई फायदे मिलते हैं। अगर आप नहाने के बाद वास्तु के हिसाब से काम करते हैं, तो इससे आपके जीवन में धनलाभ होता है और पॉजिटिव एनर्जी बनी रहती है। सुबह नहाने के बाद हिंदू धर्म के लोग अपने आराध्य भगवान की पूजा जरूर करते हैं। अगर आप सुबह स्नान करने के बाद ये काम करते हैं, तो आपको धन लाभ होगा और जीवन में शांति बनी रहेगी-

- सुबह स्नान करने के बाद घर में गंगाजल से छिड़काव करना बहुत शुभ माना जाता है। सुबह स्नान करने के बाद घर में गंगाजल का छिड़काव करने से घर में सुख समृद्धि बनी रहती है।
- स्नान के बाद घर के मुख्य द्वार पर गंगाजल का छिड़काव करने से आर्थिक हानि नहीं होती है और सकारात्मक एनर्जी का प्रवाह होता है। डस्नान करने के बाद घर में हल्दी का छिड़काव करने से सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है और शांति बनी रहती है। अगर आप घर में सुख और समृद्धि चाहते हैं, तो नहाने के बाद घर के मुख्य द्वार पर हल्दी के पानी का छिड़काव करना चाहिए।
- घर में सुख समृद्धि बनाए रखने के लिए सुबह स्नान करने के बाद नमक पानी का छिड़काव करना चाहिए। ऐसा करने से घर में नकारात्मक ऊर्जा नहीं रहती है और धन लाभ होता है।

# डैंड्रफ खत्म करने का आसान तरीका



बालों में डैंड्रफ और सिर में पपड़ी जैसी समस्याएं होना आम हैं, लेकिन ये किसी भी इंसान को परेशान करने के लिए काफी हैं। इससे निजात पाने के लिए लोग कई तरह के उपाय करते हैं। ऐसा करने से कई बार उनकी समस्या खत्म भी हो जाती है तो कई बार नहीं भी। ऐसे लोगों के लिए पूजा-आरती में काम आने वाली कपूर की टिकिया ज्यादा असरदार हो सकती है। इसको लगाने से बालों में डैंड्रफ और सिर में पपड़ी ही नहीं, बल्कि स्कैल्प इंफेक्शन भी दूर होता है। बता दें कि, कपूर एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल होने के कारण ये बालों में इलास्टीन और कोलेजन के प्रोडक्शन को बढ़ावा देता है, जिससे बालों का टैक्सचर सही रहता है। आइए जानते हैं इसके इस्तेमाल का सही तरीका।

**कपूर के साथ नारियल तेल का करें इस्तेमाल**

कपूर के साथ नारियल का तेल खुजली दूर करने में बेहद असरदार माना जाता है। यदि आपको खुजली या फंगस की दिक्कत है तो आप इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए नारियल तेल को गर्म करें और उसमें थोड़ा सा कपूर पाउडर घोलें। इसके बाद इसको अपने स्कैल्प पर लगा लें। इसे 1 घंटा लगा रहने के बाद शैम्पू से धो लें। ऐसा करने से खुजली भी शांत होगी और फंगस पैदा करने वाले रूसी से भी दूरी होगी। यदि आप डैंड्रफ से परेशान हैं तो कपूर के साथ नीम का इस्तेमाल अधिक फायदेमंद होगा। इसके लिए कपूर और नीम की पत्तियों को पीस लेंगे। अब इसे अपने बालों और स्कैल्प पर लगाएंगे। करीब 30-40 मिनट लगा रहने के बाद इसे अच्छी तरह से धो लें। ऐसा करने से बालों की स्कैल्प साफ होगी। साथ ही डैंड्रफ और खुजली को समस्या भी दूर होगी।



**कपूर, रीठा व दही का करें इस्तेमाल**

कपूर, रीठा और दही का मिश्रण सेहत के लिए फायदेमंद होता है। बता दें कि, रीठा बालों को हेल्दी रखता है और कपूर एंटीबैक्टीरियल होने से स्कैल्प की समस्या से राहत दिलाता है। इसके अलावा दही को लगाने से खुजली से आराम मिलता है। इसको लगाने के लिए रीठे को उबालकर इसमें दही और कपूर पीस कर मिला लें। इसको लगाने के करीब 30 मिनट बाद शैंपू किया जा सकता है।

**कपूर के साथ नींबू का करें इस्तेमाल**

कपूर के साथ नींबू का इस्तेमाल करने से डैंड्रफ से निजात मिलती है। इसके लिए एक नींबू का पीस लें और इसमें कपूर को मिलाकर इसे स्कैल्प और बालों में लगा लें। इसको करीब 30 मिनट तक लगाने के बाद शैंपू कर लें। ऐसा करने से डैंड्रफ की समस्या खत्म होती है।

# बच्चे को अनुशासन सिखाने का बेस्ट तरीका



बच्चे जब बात नहीं सुनते और कही हुई बात का बिल्कुल उल्टा काम करते हैं तो गुस्सा आना लाजिमी है। कई बार पैरेंट्स इस गुस्से में बच्चों को तेजी से डांट देते हैं या फिर मारने लगते हैं। लेकिन ये पैरेंटिग का सबसे गलत तरीका है। क्योंकि बच्चों को मारने से उनके मेंटल हेल्थ पर बुरा असर पड़ता है और वो कई बार एग्रेसिव हो जाते हैं या फिर दब्बू। बच्चों को डिसिप्लिन सिखाने का एक्सपर्ट का बताया ये तरीका काफी काम आ सकता है।

**कुछ समय बिताएं**

बच्चे कई बार पैरेंट्स से नाराज होकर या चिढ़कर उल्टे काम करते हैं या फिर बात नहीं सुनते। इसलिए अपने बच्चों के साथ बॉडिंग जरूर बनाएं। कितना भी बिजी दिन हो कम से कम 5 मिनट तो बच्चे के लिए जरूर निकालें। जब आप बैठकर उससे बातें और करे और दिनभर की एक्टीविटी के बारे में पूछें। ऐसे में बच्चा छोटा हो या टीनएज का दोनों ही पैरेंट्स के साथ बैठना पसंद करेंगे और बात करेंगे। ध्यान रहे कि कि आप दोनों की बातों के बीच में मोबाइल, टीवी, इंटरनेट बिल्कुल भी रुकावट पैदा ना करें।

**बच्चे को डिटेल में समझाएं**

बच्चे को केवल बदमाशी ना करने या फिर गंदगी ना फैलाने के लिए मना करना ठीक नही है। क्योंकि कई बार बच्चे समझ ही नहीं पाते कि उनसे पैरेंट्स चाहते क्या है। इसलिए उन्हें बिल्कुल डिटेल में और क्लियर कहें कि इस काम को ना करो या फिर इस काम को करो।

**अच्छे बिहेवियर पर तारीफ करें**


बच्चे के रोने, चिल्लाने या बुरे बर्ताव पर आप फौरन रिएक्ट करते हैं। लेकिन अच्छे व्यवहार को यूं ही जाने देते हैं। इससे बच्चा वहीं करेगा जो आपका अटेंशन ले सके। बच्चा जब आपकी बात आसानी से मान रहा है और कहा हुआ सारा काम कर रहा है। तो उसके व्यवहार की तारीफ करें और इनाम दें। जिससे बच्चे को समझ आए कि मम्मी-पापा को इस तरह का काम या व्यवहार पसंद है।

**डिस्ट्रैक्ट करना आएगा काम**

बच्चा जब किसी गलत चीज की डिमांड कर रहा या फिर रो रहा है तो उसे किसी क्रिएटिव चीज में इंगेज करें। माइंड डाइवर्ट करने से उसका ध्यान अपनी एक्टीविटी से हटकर दूसरे गेम या काम पर चला जाएगा।

# लहसुनी पालक

पालक एक ऐसी हरी पत्तेदार स जी है जो गुणों का खजाना है। इसे खाने से शरीर में संक्रमण का खतरा कम रहता है। इससे स्वास्थ्य को कई लाभ हैं। पालक में विटामिन के, मैग्निशियम, कैलशियम, आयरन और फास्फोरस पाया जाता है। इस वजह से लोग ज्यादा से ज्यादा पालक का सेवन करते हैं। हालांकि कई बार एक ही तरह के डिश खा कर लोग बोर हो जाते हैं। तो क्यों ना पालक की नई किस्म की डिश बनाई जाए...



**आवश्यक सामग्री**

पालक 200 ग्राम, मेथी 30 ग्राम, एक छोटा चम्मच हींग, चार चम्मच तेल, एक से दो बारीक कटी हुई प्याज दो चम्मच अदरक लहसुन का पेस्ट, तीन चम्मच बेसन दो चम्मच धनिया पाउडर, एक चम्मच जीरा पाउडर, एक चम्मच लाल मिर्च पाउडर, एक चम्मच हल्दी पाउडर, एक बारीक कटा हुआ टमाटर, आधा कप दही गरम मसाला, स्वादानुसार नमक

**बनाने की विधि**

लहसुनी पालक बनाने के लिए सबसे पहले पैन में पानी गर्म करें, अब पालक और मेथी को धोकर पानी में उबालने के लिए रख दें।

अच्छी तरह से उबलने के बाद पालक और मेथी को बर्फ के पानी में डालकर ठंडा कर लें।

अब इसे छानकर मिक्सर में ग्राइंड कर लें,

अब कड़ाही में तेल गर्म करने के लिए चढ़ाएं।

जब तेल गरम हो जाए तो इसमें हींग डालें, फिर प्याज और अदरक लहसुन का पेस्ट डालकर भूनें।

प्याज ब्राउन होने के बाद कड़ाही में बेसन मिक्स कर दें।

अब इसमें हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर और जीरा पाउडर मिलाएं।

1 से 2 मिनट तक भूनने के बाद पैन में टमाटर डाले और हल्का सॉफ्ट होने के बाद इसमें पालक की प्यूरी ऐड कर दें।

अब इसमें गरम मसाला दही और नमक मिक्स करें,कुछ देर तक पकने के लिए इसे छोड़ दें,

अब तड़का तैयार करने के लिए दूसरे पैन में तेल गर्म करें।

इसमें जीरा, बारी कटे हुए लहसुन और कश्मीरी लाल मिर्च डालकर भूनें।

फिर इस मिक्सचर को पालक की सब्जी में डालकर चला दें।

तैयार हैं आपकी लहसुन पालक की सब्जी, इसे रोटी या चावल के साथ गरमागरम सर्व करें।

## संक्षिप्त समाचार

### असीम मुनीर ने राष्ट्रपति जरदारी को हटाने की बात को किया खारिज

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को उनके पद से हटाने को लेकर चल रहे अटकलों के बीच पाकिस्तान सेना प्रमुख असिम मुनीर का बड़ा बयान आया है। उन्होंने इन अटकलों को पूरी तरह से खारिज करते हुए इसे पूरी तरह से गलत बताया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मुनीर ने कहा कि ऐसी अफवाहें राजनीतिक अराजकता फैलाने की साजिश हैं। बता दें कि जुलाई में सोशल मीडिया पर यह खबरें आई थीं कि राष्ट्रपति जरदारी को हटाया जा सकता है। साथ ही सेना प्रमुख खुद देश के शीर्ष पद पर आ सकते हैं। लेकिन प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने इसको सिरे से खारिज कर दिया था। मामले में पत्रकार सुहैल वरैंच ने बताया कि ब्रुसेल्स में हुई एक बैठक के दौरान सेना प्रमुख मुनीर ने उन्हें बताया कि ये अफवाहें पूरी तरह गलत हैं। मुनीर ने कहा कि भगवान ने मुझे देश का रक्षक बनाया है, मैं किसी भी पद की इच्छा नहीं रखता। इसके साथ ही राजनीतिक मेल-मिलाप के बारे में मुनीर ने कहा कि यह तभी संभव है जब सभी पक्ष ईमानदारी से माफी मांगें। यहां पर मुनीर का इशारा पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और उसके नेता इमरान खान की तरफ था। इसके साथ ही विदेशी मामलों पर मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान अमेरिका और चीन के बीच संतुलन बनाए रखेगा और किसी एक को दूसरों के लिए कुर्बान नहीं करेगा। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शांति प्रयासों को ईमानदार बताया। साथ ही कहा कि पाकिस्तान ने उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करने में पहल की थी।

### डिप्रेशन का शिकार चीनी अभिनेत्री ने टैलेंट कंपनी पर लगाए सनसनीखेज आरोप

**बीजिंग, एजेंसी।** नेटफ्लिक्स ड्रामा हिडन लव मूवी सीरीज चीनी एक्ट्रेस झाओ लुसी ने एक मीडिया कंपनी पर सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। तियानजिन गैलेक्सी कूल एंटरटेनमेंट कल्चर मीडिया कंपनी लिमिटेड पर उन्होंने दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। 26 वर्षीय झाओ ने कहा कि जब उन्होंने कंपनी से डिप्रेशन की शिकायत की तो कुछ अधिकारियों ने उन्हें होटल के कमरे में बंद कर दिया। वहीं, उसका इलाज किसी तांत्रिक से कराने की कोशिश की। डिप्रेशन और दूसरी वजहों से पिछले साल दिसंबर में वो बीमार पड़ गईं। इसी बीच कंपनी ने झाओ को फिल्म कॉन्ट्रैक्ट तोड़ने के लिए 2 मिलियन युआन (2,80,000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भरने को कहा। उन्होंने कंपनी पर वर्षों से मौखिक और शारीरिक तौर पर उत्पीड़न का भी आरोप लगाया। झाओ की एक दोस्त ने दावा किया कि एक बार ऑडिशन में फेल होने पर उनके बॉस ने उन्हें रात के 2 बजे बाथरूम में घंटों डांटा था। सोशल मीडिया पर झाओ के फैंस उनके समर्थन में उतर चुके है।

### नेपाल के उप पीएम बोले- भारत से संबंध रोटी-बेटी से भी आगे के

**काठमांडो, एजेंसी।** नेपाल के उपप्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह ने भारत को उसके 79वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, नई दिल्ली-काठमांडो संबंध सिर्फ रोटी और बेटी तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि धार्मिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक आयामों तक भी फैले हुए हैं। उन्होंने शुक्रवार को ललितपुर में भारतीय दूतावास के ध्वजारोहण कार्यक्रम में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, भारत-नेपाल संबंध अपने आप में बेहद खास हैं। हमारी सीमाएं खुली हैं और हमारे बीच सांस्कृतिक एवं सभ्यतागत निकटता है। सिंह ने कहा, दोनों देशों में द्विपक्षीय संबंधों को आपसी सहयोग और भी प्रगाढ़ किया जाएगा।

### म्यांमार के मोगोक में सेना के हमले में 16 महिलाओं समेत 21 की मौत

**मोगोक , एजेंसी।** म्यांमार के मोगोक शहर में सेना के हवाई हमले में 16 महिलाओं सहित 21 लोग मारे गए और सात घायल हो गए। मृतकों में एक गर्भवती भी थी। इस शहर पर पिछले साल जुलाई में तांग नेशनल लिबरेशन आर्मी (टीएनएलए) ने कब्जा कर लिया था। टीएनएलए, सेना के खिलाफ लड़ने वाले शक्तिशाली जातीय मिलिशिया में से एक है। टीएनएलए के प्रवक्ता लवे याय ऊ ने बताया, हमला बृहस्पतिवार की रात 8:30 बजे मोगोक टाउनशिप के श्वेगु वार्ड में हुआ। इसमें कई घरों और बौद्ध मठों को भी नुकसान पहुंचा है।

### पाकिस्तान में ट्रेन हादसा, एक की मौत कई घायल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।**पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में रविवार को हुए एक ट्रेन हादसे में एक यात्री की मौत हो गई और कई अन्य घायल हैं। एक अधिकारी ने बताया कि रविवार को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर जाने से कम से कम एक यात्री की मौत हो गई और 25 अन्य घायल हो गए। पेशावर से कराची जा रही आवाम एक्सप्रेस लाहौर से लगभग 400 किलोमीटर दूर पंजाब के लोधरान जिले में पटरी से उतर गई। उन्होंने कहा, ट्रेन के लगभग चार डिब्बे पटरी से उतर गए, जिसमें एक यात्री की मौत हो गई और 25 घायल हो गए। घायलों में तीन यात्रियों की हालत बेहद गंभीर है।

## रूस की इलास्टिक फैक्ट्री में विस्फोट के बाद आग, 11 लोगों की मौत

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां रयाजान क्षेत्र में एक फैक्ट्री में लगी आग से 11 लोगों की मौत हो गई और लगभग 130 लोग घायल हो गए। यह हादसा शुक्रवार को शिलोवस्की जिले के इलास्टिक प्लांट में हुआ, जो मॉस्को से लगभग 250 किलोमीटर दूर है। आपातकालीन टीमें मलबे में तलाश जारी रखे हुए हैं और शनिवार तक दो और शव बरामद किए गए।

मामले में रूसी अधिकारियों ने बताया कि फैक्ट्री के गनपाउडर वर्कशॉप में आग लगी, जिससे विस्फोट हुआ। घायलों में से 29 लोगों का इलाज अस्पताल में चल रहा है, जिनमें 13 रयाजान और 16 को मॉस्को के मेडिकल सेंटर में स्थानांतरित किया गया है।

**गनपाउडर वर्कशॉप में आग लगने से हुआ हादसा**

बता दें कि रूसी आपातकाल मंत्रालय ने बताया कि फैक्ट्री में मौजूद गनपाउडर वर्कशॉप में आग लगने से धमाका हुआ। राहत और बचाव कार्य जारी है और मलबे से शनिवार सुबह तक दो और शव निकाले गए। प्रशासन ने बताया कि तीन लोगों को मलबे से जिंदा निकाला गया है।

**रियाजन क्षेत्र में सोमवार को शोक दिवस:** घटना की जांच शुरू कर दी गई है और सोमवार को रियाजान क्षेत्र में शोक दिवस घोषित किया गया है। इस दिन झंडे झुके रहेंगे और सभी सांस्कृतिक व मनोरंजन कार्यक्रम रद्द रहेंगे। गौरतलब है कि इसी फैक्ट्री में अक्तूबर 2021 में भी एक बड़ा धमाका हुआ था, जिसमें 17 लोगों की जान गई थी।

# ट्रम्प ने वॉशिंगटन डीसी में नेशनल गार्ड की तैनाती बढ़ाई, 700 सैनिक बुलाए

**वॉशिंगटन डी सी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प राजधानी वॉशिंगटन डीसी में और ज्यादा गार्ड तैनात करने की तैयारी कर रहे हैं। उनके आदेश पर वेस्ट वर्जीनिया, साउथ कैरोलिना और ओहियो के गवर्नरों ने शनिवार को अपने राज्यों के नेशनल गार्ड्स को वॉशिंगटन भेजने की घोषणा की है। वेस्ट वर्जीनिया से 300-400, साउथ कैरोलिना से 200 और ओहियो से करीब 150 नेशनल गार्ड आएंगे। अभी वॉशिंगटन में 800 नेशनल गार्ड्स तैनात हैं। इन्हें सीधा ट्रम्प कंट्रोल करते हैं।

इन तीन राज्यों से लगभग 700 एक्स्ट्रा सैनिकों के आने से वॉशिंगटन में नेशनल गार्ड की संख्या लगभग दोगुनी हो जाएगी। हालांकि नेशनल गार्ड्स की तैनाती को लेकर शनिवार को लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले 12 अगस्त को ट्रम्प ने वॉशिंगटन को केंद्र सरकार के कंट्रोल में ले लिया था। उन्होंने कहा कि राजधानी में हालात काबू से बाहर हैं, राजधानी में बिगड़ी कानून व्यवस्था को फिर से पटरी पर लाना जरूरी है। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा था कि उन्होंने राजधानी में डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया होम रूल एक्ट की धारा 740 लागू कर दी है। इसका मतलब है कि डीसी मेट्रोपॉलिटन पुलिस अब सीधे केंद्र सरकार के नियंत्रण में काम करेगी। ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में कहा, हमारी राजधानी को हिंसक गिरोहों और अपराधियों ने घेर लिया है। 2024 में हिंसक अपराध 30 साल के निचले स्तर पर पहुंचे। हम नेशनल गार्ड की मदद से कानून और व्यवस्था बहाल करेंगे। इस साल वॉशिंगटन डीसी में 98 लोगों का कत्ल हो चुका है और नस्लीय झगड़ों के कारण 3782 लोग





बेघर हुए हैं। अमेरिका में ट्रम्प के इस कदम की आलोचना हो रही है। वॉशिंगटन की मेयर म्यूरियल बोउजर ने कहा- शहर में क्राइम नहीं बढ़ा है। पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, 2024 में हिंसक अपराध 35प्रतिशत कम हुआ और 2025 के पहले सात महीनों में 26त्न की कमी आई। कुल अपराध भी 7प्रतिशत घटा है। हालांकि, गोलीबारी चिंता का विषय है। 2023 में अमेरिका में गोलीबारी से होने वाली हत्याओं में वॉशिंगटन तीसरे स्थान पर था। राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा उन्होंने 1970 के होम रूल एक्ट का इस्तेमाल किया है। यह राष्ट्रपति को अधिकार देता है कि वह इमरजेंसी की हालत में 48 घंटे तक शहर की पुलिस का नियंत्रण ले सकते हैं। कानून के मुताबिक, अगर राष्ट्रपति वॉशिंगटन डीसी से जुड़े कानून बनाने वाली संसद की समितियों के अध्यक्ष और सदस्यों को इसकी जानकारी दे दें, तो पुलिस का नियंत्रण लंबे समय तक रखा जा सकता है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि ट्रम्प ने यह औपचारिक सूचना दी है या नहीं। नियम के मुताबिक अगर शहर पर कंट्रोल 30 दिनों से ज्यादा रखना हो, तो इसके लिए संसद में कानून पास कराना जरूरी होता है। ट्रम्प ने हाल ही में लॉस एंजिल्स में भी 5 हजार नेशनल गार्ड तैनात किए थे, जिसका स्थानीय नेताओं ने विरोध किया था। वॉशिंगटन में नेशनल गार्ड की तैनाती का अधिकार राष्ट्रपति के पास है, क्योंकि यह केंद्र शासित क्षेत्र है। पहले भी 2020 में पुलिस क्रूरता के खिलाफ प्रदर्शनों और 2021 में कैपिटल हमले के दौरान नेशनल गार्ड तैनात किए गए थे। इस बीच, सैन फ्रांसिस्को में एक मुकदमा शुरू हुआ है, जिसमें ट्रम्प प्रशासन पर बिना गवर्नर की अनुमति के नेशनल गार्ड और मरीन भेजने का आरोप है। अमेरिकी कानून सैन्य बलों को स्थानीय कानून व्यवस्था में सीधे शामिल होने से रोकता है। ट्रम्प का यह कदम डेमोक्रेटिक शहरों पर केंद्रीय नियंत्रण बढ़ाने की उनकी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

# एयर कनाडा की सभी उड़ानें रद्द ! मुसीबत में फंसे लाखों यात्री

**टोरंटो, एजेंसी।**

एयर कनाडा के 10,000 से अधिक 'फ्लाइट अटेंडेंट शनिवार तड़के हड़ताल पर चले गए, जिसके बाद कंपनी ने अपनी सभी उड़ानें निलंबित कर दीं। इस घटनाक्रम से शनिवार को दुनियाभर में एक लाख से अधिक यात्रियों के प्रभावित होने का अनुमान है। इस बीच, कनाडा सरकार ने विमानन कंपनी और उसके 'फ्लाइट अटेंडेंट के संघ पर काम पर लौटने और समझौता करने का दबाव तेज कर दिया है। संघीय रोजगार मंत्री पैटी हज्दू ने मामले में सरकारी हस्तक्षेप की घोषणा करते हुए कहा कि अभी अर्थव्यवस्था को जोखिम में डालने का समय नहीं है।

उन्होंने एयर कनाडा के 10,000 से अधिक 'फ्लाइट अटेंडेंट से जल्द काम पर लौटने को कहा। हज्दू ने कहा, बातचीत बेनतीजा रही। यह स्पष्ट है कि दोनों पक्ष कुछ प्रमुख मुद्दों को सुलझाने के करीब नहीं हैं और उन्हें मध्यस्थ की मदद की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि सेवाओं को पूरी तरह से पुनः शुरू करने में कई दिन लग सकते हैं और यह कनाडा औद्योगिक संबंध बोर्ड पर निर्भर करेगा। एयर कनाडा के 'फ्लाइट अटेंडेंट की हड़ताल के बाद कंपनी ने शनिवार सुबह अपनी सेवाएं निलंबित करने की घोषणा की। 'कैनेडियन यूनियन ऑफ पब्लिक एम्प्लॉइज के प्रवक्ता ह्यूग पोलियट ने पुष्टि की कि अनुबंध की शर्तों को लेकर कोई समझौता न होने के बाद कर्मचारी हड़ताल पर चले गए। इसके थोड़ी देर बाद एयर कनाडा का बयान आया कि वह अपना सभी परिचालन फिलहाल रोक रहा है। कनाडा की

**कई दिन फ्लाइट्स ठप्प रहने की आशंका**




सबसे बड़ी विमानन कंपनी और उसके 10,000 से अधिक 'फ्लाइट अटेंडेंट का प्रतिनिधित्व करने वाले संघ के बीच अनुबंध को लेकर तीखी लड़ाई शुक्रवार को और बढ़ गई। दरअसल, कर्मचारी संघ ने कंपनी के सरकार-निर्देशित समझौते को स्वीकार करने के अनुरोध को ठुकरा दिया, जिसके तहत हड़ताल करने का उसका अधिकार समाप्त हो जाता और तीसरे पक्ष के मध्यस्थ को नये अनुबंध की शर्तें तय करने की अनुमति मिल जाती। एयर कनाडा और उसके 'फ्लाइट अटेंडेंट का प्रतिनिधित्व करने वाले संघ के बीच गतिरोध बढ़ने से लाखों यात्री मुश्किल में फंस गए हैं। दरअसल, एयर कनाडा रोजाना औसतन 700 उड़ानों का संचालन करती है। कंपनी का परिचालन पूरी तरह से ठप पड़ने से हर रोज लगभग 1.30 लाख यात्रियों के प्रभावित होने का अनुमान है, जबकि 25,000 कनाडाई विभिन्न देशों में फंस सकते हैं।

**बच्चों से अश्लील बातें**

## झूठ बोलने में माहिर... विवादों में घिरा मेटा के एआई चैटबॉट

**वाशिंगटन, एजेंसी।** आजकल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का जमाना है। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक, कई लोग एआई चैटबोट को अपना दोस्त बना चुके हैं।



हर छोटी-बड़े प्रश्न का उत्तर लोग एआई से मांगते हैं और एआई भी झटपट सभी सवालों के जवाब दे देता है।

मगर, यह कौन तय करेगा कि वो जवाब सही हैं या नहीं? कहीं एआई आपको गुमराह तो नहीं कर रहा है? ऐसे ही एक मामले को लेकर मेटा का एआई चैटबॉट विवादों में घिर गया है।

दरअसल मेटा ने हाल ही 200 पेज की पॉलिसी जारी की थी, जिसमें कंपनी ने स्पष्ट किया कि मेटा का एआई न सिर्फ झूठी जानकारी बना सकता है बल्कि बच्चों से रोमांटिक चैट करने में भी माहिर है। इसे लेकर अब अमेरिका के कई सांसदों ने मेटा कंपनी के मालिक मार्क जुकरबर्ग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

अमेरिकी सांसद जोश हॉली ने मेटा के खिलाफ जांच के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने मेटा कंपनी के सीईओ मार्क जुकरबर्ग को पत्र लिखकर जवाब मांगा है। जोशी ने अपने पत्र में पूछा, क्या मेटा का एआई टूल बच्चों से संवेदनशील बातें, धोखाधड़ी समेत आपराधिक गतिविधियों के लिए इस्तेमाल किया जाता है?

मेटा एआई चैटबॉट पर मेडिकल से जुड़ी झूठी जानकारी देने और नस्लीय भेदभाव को बढ़ावा देने का आरोप लगा है। अमेरिकी सांसद मार्शा ब्लैकबर्न ने भी मेटा के खिलाफ इस जांच का समर्थन किया है। फेमस सिंगर नील यंग ने मेटा की इस पॉलिसी का विरोध करते हुए फेसबुक छोड़ दिया है।

## लंबे वक्त से बंद था प्लेन का टॉयलेट, दरवाजा खुला तो अंदर का असहनीय सीन को देख एयर होस्टेस...

**वाशिंगटन, एजेंसी।**

हवाई यात्रा अब आम हो गई है लेकिन कुछ लोग आज भी उड़ान के दौरान सभ्यता और नियमों को ताक पर रख देते हैं। ऐसा ही एक हैरान कर देने वाला मामला अमेरिकन एयरलाइंस की एक फ्लाइट में सामने आया है जहां एक यात्री ने प्लेन के टॉयलेट में सिगरेट पी और जब उसे रोका गया तो उसने एयर होस्टेस के साथ जमकर बहस की। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह घटना तब शुरू हुई जब एक फ्लाइट अटेंडेंट ने देखा कि विमान का टॉयलेट काफी देर से बंद था। जब उन्होंने दरवाज़ा खोला तो अंदर का नज़ारा चौंकाने वाला था। पीटर नगुएन नाम का शख्स अंदर सिगरेट पी रहा था और धुएं के छल्ले उड़ा रहा था। जब एयर होस्टेस ने उसे ऐसा करने से रोका तो उसने उलटा उन्हें धमकाना शुरू कर दिया और खुद को सेलिब्रिटी पिकलबॉल कोच बताने लगा। वायरल वीडियो में वह शख्स एयर होस्टेस पर हाथ उठाने का आरोप लगा रहा है जबकि दूसरी एयर होस्टेस उसे बता रही है कि विमान में धूम्रपान की अनुमति नहीं है। बहस के दौरान उसने यह भी दावा किया कि वह एक वकील है और उसके 25,000 सोशल मीडिया फॉलोअर्स हैं जो यह सब देख रहे हैं। इस गैर-जिम्मेदाराना हरकत के बाद अमेरिकन एयरलाइंस ने उस यात्री को सैन फ्रांसिस्को इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतार दिया। वहां पहले से मौजूद पुलिस उसे अपने साथ ले गई। घटना के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने पीटर नगुएन के व्यवहार की कड़ी आलोचना की।

## परेशानी बन गए हैं नेतन्याहू, इजरायल पर भी लगें रूस जैसे प्रतिबंध: मेटे फ्रेडरिक्सन

**कोपेनहेगन, एजेंसी।**

गाजा में जारी युद्ध और आम इंसानों की मौत ने दुनिया भर में इजरायल के खिलाफ माहौल बना दिया है। हमेशा इजरायल के सपोर्ट में खड़े दिखने वाले यूरोपीय देश भी अब खुलकर पीएम नेतन्याहू और उनकी नीतियों का विरोध करने लगे हैं। इसी क्रम में अब नया नाम डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन का भी जुड़ गया है। मेटे ने इजरायली प्रधानमंत्री को एक समस्या बताते हुए कहा कि गाजा में बिगड़ते मानवीय संकट के बीच युद्ध समाप्त करने के लिए यूरोपीय संघ को भी इजरायल पर दबाव डालना चाहिए। अगर तब भी हालात नहीं सुधरते तो फिर इजरायल पर भी रूस की तरफ प्रतिबंध लगाए जाने चाहिए। डेनमार्क ने



कई देशों द्वारा फिलिस्तीन को मान्यता देने को लेकर किए जा रहे विचार पर अपनी सहमति नहीं जताई। पीएम ने कहा कि फिलिस्तीनी राज्य को तत्काल मान्यता देने से संघर्ष कम नहीं होगा। हालांकि उन्होंने कोपेनहेगन के द्वि-राज्य समाधान के समर्थन की पुष्टि की। फ्रेडरिक्सन ने लिखा, फिलिस्तीन को अभी मान्यता देने से उन हजारों बच्चों की मदद नहीं होगी, जो वर्तमान में अपने अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं। यह नहीं होगा चाहे आप कितना भी चाह लें। इसके बजाय हमें इजरायल और हमास दोनों पर दबाव बढ़ाने की जरूरत है। लंबे समय तक इजरायल की मुखर समर्थक रहीं फ्रेडरिक्सन ने नेतन्याहू की नीतियों की कड़ी आलोचना की। उन्होंने नेतन्याहू पर आरोप लगाया कि उनकी सरकार इजरायल के हितों के विरुद्ध काम कर रही है। नेतन्याहू के बिना इजरायल ज्यादा बेहतर तरीकों से काम करेगा। उन्होंने गाजा युद्ध में इजरायली सेना द्वारा की जा रही मासूम लोगों की हत्याओं की निंदा करते हुए इसे बेहद भयावह और विनाशकारी बताया। अपना रुख दोहराते हुए फ्रेडरिक्सन ने कहा कि डेनमार्क अभी फिलिस्तीन को मान्यता देने वाले देशों में शामिल नहीं होगा।

## 22 अगस्त को ट्रंप, जेलेंस्की और पुतिन के बीच हो सकती है संयुक्त बैठक

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अलास्का में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अपनी बैठक के बाद यूरोपीय नेताओं से फोन पर बात की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बातचीत में ट्रंप ने यूरोपीय नेताओं से कहा कि वे 22 अगस्त तक पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन आयोजित करना चाहते हैं। पुतिन से मुलाकात के बाद ट्रंप ने यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से भी बात की। इस बातचीत में दोनों नेताओं के बीच सोमवार को वॉशिंगटन में मुलाकात करने पर सहमति बनी।

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में सोमवार को वॉशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने की पुष्टि की। अमेरिकी ऑनलाइन मीडिया आउटलेट



एक्सियोस के अनुसार, ट्रंप ने यूरोपीय नेताओं को भी सोमवार को व्हाइट हाउस में होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने शनिवार को कहा कि जेलेंस्की और ट्रंप के बीच सोमवार को होने वाली बैठक के बाद एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन होने की उम्मीद है। हालांकि अभी तक रूस की तरफ से त्रि-पक्षीय बैठक में शामिल होने को लेकर कोई जानकारी या बयान सामने नहीं आया है। रूसी समाचार एजेंसी तास ने अमेरिकी मीडिया की रिपोर्ट्स के हवाले से बताया कि पुतिन के साथ अपनी बैठक के बाद, ट्रंप ने यूरोपीय नेताओं के साथ बातचीत में एक शांति समझौते का प्रस्ताव रखा, जिसके तहत यूक्रेन, रूस को डोनबास क्षेत्र सौंप देगा। वहीं बदले में यूक्रेन और यूरोप दोनों को सुरक्षा गारंटी की पेशकश की जाएगी। 15 अगस्त को अमेरिका के अलास्का में डोनाल्ड ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन के बीच बैठक हुई। दोनों नेताओं की बैठक करीब तीन घंटे चली। बैठक के बाद मीडिया बातचीत में ट्रंप ने शिखर वार्ता को बहुत ही उपयोगी बताया था। अलास्का से वॉशिंगटन लौटने के बाद ट्रंप ने फोन पर यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की और यूरोपीय संघ के नेताओं के साथ लंबी बातचीत की थी। सोमवार को ट्रंप और जेलेंस्की की व्हाइट हाउस में मुलाकात होगी। अगर ट्रंप और जेलेंस्की की मुलाकात में सबकुछ सही रहा तो 22 अगस्त को ही ट्रंप, जेलेंस्की और पुतिन के बीच संयुक्त बैठक हो सकती है।

## हमास के खिलाफ आखिरी जंग का ऐलान, गाजा में इजरायल का नया प्लान तैयार

**येरूशलम, एजेंसी।** पिछले 22 महीनों से गाजा में चल रहे युद्ध को लेकर अब इजरायली भी परेशान हो गए हैं। युद्धविराम के लिए हजारों लोगों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। उधर इजरायली सेना गाजा में नया प्लान तैयार कर रही है। वह फिलिस्तीनियों को दक्षिणी गाजा में शिफ्ट करने की योजना बना रही है जिससे कि घनी बस्ती वाले इलाकों में हमले किए जा सकें। इजरायली सेना का कहना है कि हमास के बचे-कुचे लड़ाके घनी बस्ती वाले इलाकों में छिपे हुए हैं। ऐसे में हमास को पूरी तरह खत्म करने के लिए इन इलाकों में ऑपरेशन चलाया जाएगा और आम लोगों को दक्षिणी गाजा में शिफ्ट कर दिया जाएगा।

**पहले भी धोखा खा चुके हैं फिलिस्तीनी**

इजरायल गाजा में कई बार इस तरह के ऐलान कर चुका है। इजरायली सेना ने जब भी किसी इलाके को खाली करने का आदेश दिया तब अप्रत्याशित हमले भी किए गए। कई बार ऐसा हुआ कि लोग जहां शिफ्ट हो रहे थे, वहीं बम गिरा दिए गए। ऐसे में फिलिस्तीनियों को इजरायल पर एकदम भरोसा नहीं है। हालांकि हमले के डर से बहुत सारे लोग दक्षिणी गाजा में जाने को तैयार भी हैं।

डायमंड लीगः

# भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई किया, इस दिन होगा मुकाबला




**नई दिल्ली, एजेंसी।** नीरज ने सिलेसिया चरण के बाद जारी नवीनतम तालिका के हिसाब से डायमंड लीग फाइनल के लिए जगह पक्की कर ली है। नीरज ने दो डायमंड लीग मीट में हिस्सा लिया और वह 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं।

भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग 2025 फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया है। यह मुकाबला स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में 27 और 28 अगस्त को होगा। गत विश्व चैंपियन नीरज ने 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया डायमंड लीग मीट में हिस्सा नहीं लिया था और उनके 22 अगस्त को ब्रसेल्स में होने वाले अगले डायमंड लीग चरण में हिस्सा लेने की भी जानकारी नहीं है।

हालांकि, इससे कोई फर्क नही पड़ता है कि वह ब्रसेल्स में हिस्सा लेंगे या नहीं क्योंकि नीरज ने सिलेसिया चरण के बाद जारी नवीनतम तालिका के हिसाब से डायमंड लीग फाइनल के लिए जगह पक्की कर ली है। नीरज ने दो डायमंड लीग मीट में हिस्सा लिया और वह 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। नीरज एक चरण में शीर्ष पर रहे थे, जबकि एक अन्य डायमंड लीग मीट में दूसरे स्थान पर थे। नीरज से आगे 17 अंक लेकर केशोर्न वालकॉट और 15 अंकों के साथ जूलियन वेबर हैं। ब्रसेल्स चरण के बाद तालिका में शीर्ष छह पर रहने वाले एथलीट ज्यूरिख में होने वाले डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालिफाई करेंगे।

### इस सीजन बेहतरीन रहा है नीरज का प्रदर्शन

नीरज ने आखिरी बार पांच जुलाई को बंगलूरू में हुए नीरज चोपड़ा क्लासिक में हिस्सा लिया था जहां उन्होंने 86.18 मीटर का थ्रो कर खिताब जीता था। नीरज के लिए यह सीजन अब तक शानदार रहा है क्योंकि उन्होंने मई में दोहा डायमंड लीग में बहुप्रतिक्षित 90 मीटर का आंकड़ा पार कर लिया था। उन्होंने 90.23 मीटर का अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका था और वह वेबर के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। इसके बाद नीरज ने जून में पेरिस डायमंड लीग में 88.16 मीटर का थ्रो कर पहला स्थान प्राप्त किया था। नीरज 13 से 21 सितंबर तक टोक्यो में होने वाले विश्व चैंपियनशिप में अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे।

डूरंड कपः

# डूरंड कप में ईस्ट बंगाल की मोहन बागान पर 2-1 से जीत

**कोलकाता/जमशेदपुर, एजेंसी।** मोहन बागान ने अनिरुद्ध थापा के 68वें मिनट में किए गोल से वापसी करने की कोशिश की लेकिन ईस्ट बंगाल ने मजबूत रक्षण से अपनी पकड़ बनाए रखी। ईस्ट बंगाल का सेमीफाइनल में 20 अगस्त को डायमंड हार्बर एफसी से मुकाबला होगा जिसने पदार्पण वर्ष में जमशेदपुर को 2-0 से हराया।

यूनान के स्ट्राइकर और स्थानापन्न खिलाड़ी दिमित्रियोस डायमांताकोस के दो गोल की मदद से ईस्ट बंगाल टीम ने रविवार को 134वें डूरंड कप फुटबाल के रोमांचक कोलकाता डर्बी में अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी मोहन बागान को 2-1 से हराकर चौंका दिया। 18वें मिनट में मैदान पर आए डायमांताकोस ने 38वें मिनट में पेनाल्टी स्पॉट से गोल किया और फिर दूसरे हाफ के सातवें मिनट बाद ही अपने दूसरे गोल के साथ ईस्ट बंगाल की बढ़त को दोगुना कर दिया। मोहन बागान ने अनिरुद्ध थापा के 68वें मिनट में किए गोल से वापसी करने की कोशिश की लेकिन ईस्ट बंगाल ने मजबूत रक्षण से अपनी पकड़ बनाए रखी। ईस्ट बंगाल का सेमीफाइनल में 20 अगस्त को डायमंड हार्बर एफसी से मुकाबला होगा जिसने पदार्पण वर्ष में जमशेदपुर को 2-0 से हराया। सैरुआटकिमा ने मैच के तीसरे और 41वें मिनट में गोल किए।


सेमीफाइनल में डायमंड हार्बर एफसी की चुनौती

# पूर्व चयनकर्ता का बड़ा बयान, प्रसिद्ध कृष्णा से पहले इस खिलाड़ी को मिलेगी प्राथमिकता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व मुख्य चयनकर्ता और 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य क्रिस श्रीकांत ने आगामी टी20 एशिया कप 2025 के लिए मोहम्मद सिराज का समर्थन किया। श्रीकांत को लगता है कि 31 वर्षीय सिराज को तेज गेंदबाज के रूप में इस्तेमाल किए जा सकते है। श्रीकांत ने कहा, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह का चयन तय है। मेरा मानना है कि सिराज को प्रसिद्ध कृष्णा पर तरजीह दी जाएगी। उनमें लड़ने के गुण है। प्रसिद्ध ने आईपीएल में बहुत अच्छी गेंदबाजी की थी। उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया था, लेकिन अतिरिक्त मध्यम तेज गेंदबाज के रूप में सिराज को चुना जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, सच कहूं तो, प्रसिद्ध और सिराज दोनो ने गुजरात टाइटन्स के लिए अच्छी गेंदबाजी की। लेकिन मौजूदा फॉर्म को देखते हुए, सिराज में लय के साथ-साथ गति भी है। मैं सिराज के साथ खेलना जारी रखूंगा। श्रीकांत को यकीन नही है कि कुलदीप यादव टीम में जगह बना पाएंगे या नही। उन्होंने स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर के तौर पर वाशिंगटन सुंदर का समर्थन किया। कुलदीप यादव को जगह मिलती है या नहीं, यह तो देखना होगा। वह 15 खिलाड़ियो में शामिल हो सकते है, लेकिन मुझे नही लगता कि अगर वाशिंगटन सुंदर खेल रहे है तो वह अंतिम एकादश में होंगे। मैं वाशिंगटन सुंदर को चुनूंगा।

# ईशान किशन दलीप ट्रॉफी के पहले मैच से बाहर, आकाश दीप को आराम की सलाह



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन दलीप ट्रॉफी के पूर्वी क्षेत्र के पहले मैच से बाहर रहेंगे क्योंकि वह वर्तमान में यूके में नॉटिंघमशायर के साथ काउंटी क्रिकेट के दौरान लगी चोट से उबर रहे हैं। 28 नवंबर से शुरू होने वाले इस मुकाबले के लिए किशन की जगह पूर्वी क्षेत्र की टीम में ओडिशा के आशीर्वाद स्वैन को शामिल किया गया है। किशन को चोट के कारण कई टांके लगाने पड़े, यही वजह है कि उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले ऋषभ पंत की जगह नहीं चुना गया था, क्योंकि सुपरस्टार बल्लेबाज पैर की चोट के कारण बाहर हो गए थे। आखिरकार, ध्रुव जुरेल के बैकअप के रूप में तमिलनाडु के नारायण जगदीशन को उनकी जगह लिया गया।

किशन की चोट गंभीर नहीं है क्योंकि पूर्वी क्षेत्र के लिए अभियान के पहले मैच में न खेल पाना एहतियाती कदम है क्योंकि वह अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो चार दिवसीय मैच खेलने वाली भारत ए टीम में शामिल होने के लिए दौड़ में हो सकते हैं। किशन बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपनी रिकवरी और मूल्यांकन जारी रखेंगे। कुमार कुशाग्र उनकी जगह पहली पसंद के विकेटकीपर के रूप में खेल सकते हैं। इसके अलावा पूर्वी क्षेत्र को तेज गेंदबाज आकाश दीप की सेवाएं भी नहीं मिलेंगी क्योंकि उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। उनकी चोट या अन्य परेशानी को लेकर कोई जानकारी नहीं है। हाल ही में इंग्लैंड दौरे पर जहां वह पीठ दर्द के कारण चौथे टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए थे, उन्होंने तीन टेस्ट मैचों में 13 विकेट लिए थे, जिसमें बर्मिंघम में 10 विकेट भी शामिल है और उन्होंने ओवल में अंतिम टेस्ट मैच में एक शानदार अर्धशतक भी बनाया था। असम के मुख्तार हुसैन ने अभिमन्यु ईश्वरन की अगुवाई वाली टीम में उनकी जगह ली है। ईस्ट जोन अपने अभियान की शुरुआत शुभमन गिल की अगुवाई वाले नॉर्थ जोन के खिलाफ स्टेडियम में करेगा। रियान पराग, ईश्वरन को उप-कप्तान के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। टीम में मोहम्मद शमी भी शामिल हैं, जिन्होंने पिछले दो सालों में सिर्फ एक प्रथम श्रेणी मैच खेला है और मुकेश कुमार भी।

### दलीप ट्रॉफी के पहले मैच के लिए ईस्ट जोन की टीमः

अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), आशीर्वाद स्वैन (विकेट कीपर), संदीप पटनायक, विराट सिंह, दानिश दास, श्रीदम पॉल, शरणदीप सिंह, कुमार कुशाग्र (विकेट कीपर), रियान पराग (उप-कप्तान), उत्कर्ष सिंह, मनीषी, सूरज सिंधु जायसवाल, मुकेश कुमार, मुख्तार हुसैन और मोहम्मद शमी।

# करियर की सबसे बुरी हार से टूटे नेमार, फूट-फूटकर रोए; सैंटोस के भड़के फैंस ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्राजील के सुपरस्टार नेमार रविवार (18 अगस्त) को अपने पेशेवर क्लब करियर की सबसे बुरी हार से टूट गए। वह फूट-फूटकर रोते दिखे। सैंटोस को ब्राजीलियन सेरी ए मैच में वास्को दा गामा के हाथों 0-6 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरे हाफ में छह में से पांच गोल दागे जाने के बाद सदमे में डूबे नेमार फुल टाइम के बाद रोते दिखे। इस जीत के साथ 16वें स्थान पर काबिज वास्को दा गामा का सैंटोस से दो अंक पीछे 19 अंक रह गया। दोनों क्लब चार टीमों वाले रीलीगेशन जोन से बस थोड़ा आगे थे। लुकास पिटोन के शुरुआती गोल के बाद लिवरपूल और बार्सिलोना के पूर्व फॉरवर्ड कॉटिन्हो ने दूसरे हाफ में वास्को के लिए दो गोल दागे। डेविड कोरेया डी फोंसेका, रेयान और डैनिलो नेवेस के गोलों ने शानदार स्कोरलाइन को और मजबूत किया।




**प्रशंसकों ने विरोध किया, कोच को बर्खास्त किया गया** - नेमार को सहयोगी स्टाफ के एक सदस्य और वास्को दा गामा के मुख्य कोच फर्नांडो डिनिज ने सांत्वना दी जब वह ड्रेसिंग रूम की ओर वापस लौट रहे थे। सैंटोस ने परिणाम पर अपनी नाराजगी व्यक्त की और मैदान की ओर पीठ करके विरोध जताया। इस अपमानजनक हार के परिणामस्वरूप मुख्य कोच क्लेबर जेवियर को तत्काल बर्खास्त कर दिया गया।

**प्रशंसकों को विरोध करने का पूरा अधिकार** - जून में अपने बचपन के क्लब के साथ एक नया अनुबंध पर हस्ताक्षर करने वाले नेमार ने कहा, मुझे शर्म आ रही है। मैं हमारे प्रदर्शन से पूरी तरह निराश हूं। प्रशंसकों को विरोध करने का पूरा अधिकार है, जाहिर है बिना हिंसा केज लेकिन अगर वे गाली देना और अपमान करना चाहते हैं तो उन्हें पूरा हक है। नया कोच आते ही सुनील छेत्री पर गिरी गाज, नेशंस कप के लिए भारत के 35 संभावित खिलाड़ियों में नाम नहीं

सीपीएल 2025ः

# मुनरो का तूफानी शतक, पूरन का रिकॉर्ड तोड़ा

### शाहरुख खान की टीम ने जीत की शुरुआत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कॉलिन मुनरो की 57 गेंदों में 120 रनों की ऐतिहासिक पारी से ट्रिनबागो नाइट राइडर्स ने कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 में सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स को 12 रनों से हरा दिया। 38 साल के न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी ने 14 चौके और छह छक्के लगाए। इस पारी के साथ वह शाहरुख खान की टीम ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए सर्वश्रेष्ठ पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने निकोलस पूरन का रिकॉर्ड तोड़ा। वह सीपीएल में संयुक्त रूप से तीसरे सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर वाले खिलाड़ी बन गए। मुनरो ने एलेक्स हेल्स (27 गेंदों पर 47 रन) के साथ पहले विकेट के लिए 114 रन जोड़े। इससे ट्रिबागो नाइट राइडर्स का स्कोर 231/5 हो गया। यह टूर्नामेंट के इतिहास का सातवां सर्वोच्च स्कोर था। सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के लिए काइल मेयर्स (32) और आंद्रे फ्लेचर (41) ने पहले विकेट के लिए 80 रनों की साझेदारी की, लेकिन यह जोड़ी पांच गेंद के अंदर स्पिनर उस्मान तारिक और अकील होसेन का शिकार बन गई।



- **नाइट राइडर्स तालिका में शीर्ष पर पहुंची** – कप्तान होल्डर ने 22 गेंदों में 44 रन बनाए, लेकिन उनकी टीम 7 विकेट पर 219 ही बना पाई। अपने पहले मैच में जीत से नाइट राइडर्स तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। पैट्रियट्स तीन मैचों में एक जीत के साथ एक स्थान गिरकर तीसरे नंबर पर आ गई। मुनरो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन दुनिया भर की टी20 लीग में अपनी धाक जमाए हुए हैं। उन्होंने चार साल बाद अपना पहला टी20 शतक लगाया। इससे पहले वह सीपीएल में दो साल पहले सेंट लूसिया किंग्स के लिए खेले थे।
- **ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए सर्वश्रेष्ठ पारी** – ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए सर्वश्रेष्ठ पारी कोलिन मुनरो के नाम हो गई। इस टीम के लिए उन्होंने दूसरा शतक लगाया। इससे पहले सर्वश्रेष्ठ पारी निकोलस पूरन के नाम था। पूरन ने बारबडोस रॉयल्स के खिलाफ 2023 में नाबाद 102 रन बनाए। इसके अलावा वह 101 रन की पारी के साथ तीसरे नंबर पर भी काबिज हैं।

# भारतीय क्रिकेट में आई सुमित नाम की सनसनी, 19 रन देकर निपटाई आधी टीम, ऐसा करने वाला तीसरा गेंदबाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 2018 में बुमराह को आते देखा. 2020 में सिराज का उदय हुआ. तो क्या 2025 सुमित का होगा? भारत में स्टेट लेवल पर क्रिकेट लीग क्या शुरू हुई, उससे नए-नए खिलाड़ी भी सामने आने लगे हैं. सुमित कुमार बेनीवाल एक ऐसा ही नाम है, जो कि DPL 2025 में अपनी छाप छोड़कर चमका है. इस चमकते सितारे को बुमराह-सिराज वाली कतार में खड़ा होने में भले ही अभी वक्त हो लेकिन उन्होंने दिल्ली प्रीमियर लीग के मौजूदा सीजन में जो किया है, वो कमाल है और बेमिसाल भी. 26 साल के सुमित बेनीवाल इस लीग में वैसा करने वाले तीसरे गेंदबाज हैं. सुमित कुमार बेनीवाल बॉलिंग ऑलराउंडर हैं, जो एक दाएं हाथ के खिलाड़ी हैं. DPL 2025 में सुमित साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज का हिस्सा हैं. 17 अगस्त को पुरानी दिल्ली के खिलाफ खेले मुकाबले में सुमित बेनीवाल ने सिर्फ 19 रन देकर आधी टीम निपटा दी. उन्होंने ये कमाल अपने कोटे के 4 ओवर में किए.



सुमित अपनी पहली गेंद से ही पुरानी दिल्ली के बल्लेबाजों पर कहर बनकर टूटने लगे.

**ऐसे लिए मैच में एक-एक कर 5 विकेट** - मैच में अपना पहला ओवर लेकर आए सुमित ने पहली गेंद पर पुरानी दिल्ली के समर्थ सेठ को आउट किया. फिर दूसरी गेंद पर प्रणव पंत को. अपने पहले ही ओवर में दो विकेट लेने वाले सुमित को तीसरा विकेट अपने दूसरे ओवर की चौथी गेंद पर मिला. इस बार उन्होंने वंश वेदी को चलता किया. इसके बाद जब वो अपना तीसरा ओवर लेकर आए तो उसकी आखिरी गेंद पर ललित यादव को आउट किया. जबकि अपने आखिरी ओवर की अंतिम गेंद पर उन्होंने अपना 5वां शिकार किया. इस तरह उन्होंने 4 ओवर में 19 रन देकर 5 विकेट लिए.

सुमित की इस घातक गेंदबाजी का असर ये हुआ कि पुरानी दिल्ली की टीम 20 ओवर में सिर्फ 138 रन बनाकर ऑलआउट हो गई. वो 46 रन से मुकाबला हार गई. साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी की थी और 20 ओवर में 184 रन बनाए थे. सुमित कुमार बेनीवाल DPL 2025 में 5 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज हैं. उनसे पहले उधव मोहन और कुलदीप यादव कारनामा कर चुके हैं.

# एशिया कप के लिए भारतीय टीम चयन

## गिल की पहेली को सुलझाना सबसे बड़ी चुनौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की राष्ट्रीय चयन समिति संयुक्त अरब अमीरात में अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए मंगलवार को जब 15 सदस्यीय टीम का चयन करेगी तो उसके सामने एक मजबूत टी20 ढांचे में शुभमन गिल जैसे शानदार बल्लेबाज को फिट करना सबसे बड़ी चुनौती होगी।

इंग्लैंड दौरे ने अपनी कप्तानी और बल्लेबाजी से प्रभावित करने वाले गिल के लिए 9 से 28 सितंबर तक होने वाले महाद्वीपीय टूर्नामेंट में खेलने वाली टीम में जगह बनाना मुश्किल नजर आ रहा है। अजीत अगरकर और उनके सहयोगियों के लिए यह सबसे बड़ी पहेली होगी, लेकिन भारतीय क्रिकेट इस समय टी-20 प्रतिभाओं का कारखाना है, जिसमें कम से कम 30 खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में आने के लिए तैयार हैं और एक स्थान के लिए तीन से चार विकल्प उपलब्ध हैं। बल्लेबाजी क्रम में शीर्ष तीन स्थानों के लिए समान योग्यता रखने वाले छह क्रिकेटर उपलब्ध हैं। अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन और तिलक वर्मा ने पिछले सत्र में राष्ट्रीय टीम की तरफ से शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन गिल, यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन को भी उनसे कम करके नहीं आंका जा सकता। गेंदबाजी में कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती और रवि बिश्नोई के बीच एक स्थान के लिए संघर्ष है। इन सबमें सबसे चतुर खिलाड़ी युजवेंद्र चहल को लंबे समय से नज़रअंदाज़ किया जा रहा है। लेकिन चयनकर्ता केवल 15 खिलाड़ियों का ही चयन कर सकते हैं और टी-20 टीम के निर्णय लेने वाले पदों पर बैठे लोगों का दृष्टिकोण दिलचस्प है। टीम प्रबंधन के एक महत्वपूर्ण सदस्य का मानना है कि पिछले सत्र में नियमित रूप से अंतिम एकादश में शामिल रहे किसी भी खिलाड़ी को किसी बड़े स्टार को जगह देने के लिए टीम से बाहर करना सही नहीं होगा।

दूसरी विचारधारा यह है कि भारतीय क्रिकेट सभी प्रारूपों में खेलने वाले एक कप्तान के साथ सही दिशा में आगे बढ़ता है जो उसका सबसे बड़ा मार्केटिंग ब्रांड भी बन जाता है। इस मामले में गिल सभी हितधारकों के लिए एक स्पष्ट विकल्प हैं। सूर्यकुमार यादव के कुशल नेतृत्व में भारतीय टी20 टीम का रिकॉर्ड 85 प्रतिशत का है और उसने अपने पिछले 20 मैचों में से 17 में जीत हासिल की है। इनमें से किसी भी मैच में गिल और जायसवाल शामिल नहीं थे।



पिछले एक साल में टेस्ट प्रतिबद्धताओं में व्यस्त होने से पहले गिल और जायसवाल टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे थे और उन्होंने IPL में भी अच्छा प्रदर्शन किया। गिल दरअसल सूर्य कुमार के साथ उप कप्तान थे लेकिन उन्हें टेस्ट मैचों के कारण टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से हटना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल को उप कप्तान बनाया गया था। चयनकर्ता अगर गिल को 15 खिलाड़ियों में चुनते हैं तो उन्हें फिर अंतिम एकादश में भी रखना होगा, जिसका मतलब है कि संजू, अभिषेक या तिलक में से किसी एक को अपने बल्लेबाजी स्थान से समझौता करना होगा। शुभमन को टीम में शामिल करने का मतलब रिंकू सिंह को बाहर करना भी हो सकता है। इस बड़े हिटर ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के दौर में कोलकाता नाइट राइडर्स या भारत के लिए कुछ खास प्रदर्शन नहीं किया है। अगर तेज गेंदबाजी विभाग की बात करें तो हार्दिक पंड्या एक बेहतरीन फ्रंटलाइन तेज गेंदबाज हैं और जसप्रीत बुमराह तथा अर्शदीप सिंह का टीम में होना स्वाभाविक है, ऐसे में रिजर्व तेज गेंदबाज के स्थान के लिए तीन विकल्प हैं। इस स्थान के लिए हर्षित राणा पसंदीदा दिख रहे हैं क्योंकि प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज दोनों को लाल गेंद का विशेषज्ञ माना जा रहा है।

वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला दो अक्टूबर से शुरू होगी इसलिए समझा जा रहा है कि अपेक्षाकृत कमजोर मेहमान टीम के खिलाफ बुमराह की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि प्रसिद्ध और सिराज तरोताजा और खेलने के लिए तैयार होंगे। स्पिन विभाग में अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव पहली तीन पसंद हैं।

गौतम गंभीर ऑलराउंडर को प्राथमिकता देते हैं और ऐसे में वॉशिंगटन सुंदर को टीम में जगह मिल सकती है। नितीश कुमार रेड्डी और ऋषभ पंत अभी चोटों से उबर नहीं पाए हैं। ऐसे में शिवम दुबे का टीम में चयन निश्चित है। दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए जितेश शर्मा और ध्रुव जुरेल के बीच मुकाबला है। जितेश शर्मा फिनिशर की भूमिका भी अच्छी तरह से निभा सकते हैं।

# तलवार लहरा कर गुंडा गर्दी करते हुए तोड़फोड़ करने वाले एक आरोपी को बस्तर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बोधघाट थाना क्षेत्र का हैं मामला पूर्व में भी आरोपी हत्या के प्रयास में गया था जेल एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायलय में किया गया पेश**

**नाम आरोपी :- महेन्द्र जांगड़े उर्फ़ लल्ला पिता ओनार जांगड़े निवासी नयामुंडा तिरंगा चौक जगदलपुर**

जगदलपुर /मूक पत्रिका

पुलिस अधीक्षक, शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस के द्वारा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में नयामुण्डा तिरंगा चौक में तलवार लहराकर डरा धमका कर गुंडा गर्दी करते तोड़फोड़ करने वाले युवक को गिरफ्तार करने में बस्तर पुलिस को सफलता मिली है। ज्ञात हो कि थाना बोधघाट में प्रार्थीया रवीना गुप्ता थाना बोधघाट आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 18.08.25 को प्रार्थीया का पडोसी महेन्द्र जांगड़े उर्फ़ लल्ला प्रार्थीया के घर सामने आकर गन्दी गन्दी गाली गलोच कर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे तलवार को दिखा कर लहराते हुए प्रार्थीया को घर से बाहर निकल नहीं तो जान से मारने की



धमकी देकर घर के बाहर रखे हीरो स्प्लेंडर× क्रमांक छ्त्र 17 च्त्र 2816 तथा खिड़की को तोड़फोड़ किया है, जिससे 30,000/- रुपए का नुकसान हुआ है प्रार्थीया की रिपोर्ट पर तत्काल पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में अति. पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में तत्काल कार्यवाही हेतु टीम तैयार किया गया, उक्त टीम के द्वारा मौके में जाकर आरोपी महेंद्र जांगड़े उर्फ़ लल्ला पिता ओनार जांगड़े उम्र 24 वर्ष निवासी नयामुण्डा तिरंगा चौक जगदलपुर के द्वारा अपराध कबूल करने से तथा घटना में प्रयुक्त धारदार तलवार को पेश करने से जप्त करते हुए उपरोक्त आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।

### महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाले अधिकारी-

निरीक्षक - लीलाधर राठौर
उ. नि. - ललित सिंह नाग, लोकेश्वर नाग
प्र.आर. - मयाराम कश्यप
आरक्षक - होरी लाल आर्मो, कामदेव दर्रो

# लगातार बारिश से बीजापुर-तेलंगाना संपर्क टूटा, टेकलगुड़म नाला में उफान

बीजापुर /मूक पत्रिका

**(आशीष पदमवार)** - लगातार हो रही बारिश से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बीते मंगलवार दोपहर से जगदलपुर होते हुए बीजापुर-भोपालपटनम मार्ग से हैदराबाद जाने वाली अंतरराज्यीय बसों और वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई है। जानकारी के अनुसार, भोपालपटनम से तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद को जोड़ने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 163 पर स्थित टेकलगुड़म नाला बाढ़ के पानी से लबालब हो गया है। नाले पर पानी का तेज बहाव होने के कारण यातायात को रोकना पड़ा। इस वजह से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इधर, गोदावरी नदी के दबाव से इंद्रावती नदी भी उफान पर है। पानी का स्तर तेजी से बढ़ने से आसपास के निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा





मंडराने लगा है। प्रशासन ने हालात को देखते हुए संवेदनशील गांवों में अलर्ट जारी किया है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की है।

# कलेक्टर ने सौंपा 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक

**स्तुति भिवगड़े के इलाज हेतु आर्थिक सहायता स्वीकृत**

कांकेर /मूक पत्रिका

उत्तर बस्तर कांकेर विकासखण्ड के ग्राम आवासपारा ठेलकाबोड़ निवासी स्तुति भिवगड़े को बेहतर इलाज के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा रेडक्रॉस सोसाइटी कांकेर की ओर से 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि का चेक प्रदाय किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी पदेन सचिव डॉ. आर. सी. ठाकुर ने बताया कि आवासपारा ठेलकाबोड़ निवासी अरिजीत भिवगड़े ने कलेक्टर के समक्ष अपनी बहन स्तुति भिवगड़े की



इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए आवेदन किया था। अपने आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए उन्होंने बताया कि बहन स्तुति भिवगड़े निमोनिया, सेवियर सेप्टिप और हैपेटाइटिस रोग से पीड़ित है, जिसके इलाज के लिए मदद की आवश्यकता है। उनके आवेदन पर संवेदनशीलता के साथ विचार करते हुए कलेक्टर नीलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने स्तुति भिवगड़े की बेहतर इलाज के लिए रेडक्रॉस सोसाइटी के पदेन सचिव डॉ. आर.सी. ठाकुर को पच्चीस हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि जारी करने हेतु निर्देशित किया, जिसके परिपालन में आवेदक को अपनी बहन के इलाज के लिए 25 हजार रूपए की सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया।

# जगदलपुर पीजी कॉलेज में NSUI वोट चोरी विरोधी अभियान, छात्रों ने पोस्टकार्ड से जताई लोकतंत्र रक्षा प्रतिज्ञा

जगदलपुर/मूक पत्रिका


छात्र राजनीति में सक्रियता और जागरूकता का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बस्तर जिला हस्ध्रु ने बीते मंगलवार को शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (पीजी कॉलेज) जगदलपुर परिसर में ÷वोट चोरी विरोधी अभियान÷ के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रदेश प्रभारी महावीर गुर्जर एवं प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के दिशा-निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान हस्ध्रु कार्यकर्ताओं ने कॉलेज परिसर में केनोपी लगाकर छात्रों से संपर्क साधा और उन्हें मताधिकार की महत्ता से अवगत



कराया। इस दौरान हस्ध्रु के कार्यकर्ता विशेष टी-शर्ट पहनकर ÷वोट चोरी का विरोध÷ संदेश देते नजर आए। साथ ही विद्यार्थियों से पोस्टकार्ड भरवाए गए, जिन्हें प्रदेश नेतृत्व तक भेजा जाएगा ताकि छात्र समुदाय की आवाज़ सीधे संगठन के शीर्ष पदाधिकारियों तक पहुंच सके। इस अवसर पर जिला हस्ध्रु अध्यक्ष विशाल खम्बारी और शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय अध्यक्ष पंकज केवट ने नेतृत्व करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। छात्रों में इस अभियान को लेकर उत्साह देखने लायक था और बड़ी संख्या में युवाओं ने इसमें अपनी भागीदारी दर्ज कराई। हस्ध्रु जिलाध्यक्ष विशाल खम्बारी ने कहा हस्ध्रु हमेशा से युवाओं की आवाज़ को बुलंद करती आई है। वोट चोरी लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है। इस अभियान में हमने छात्रों को यह संदेश दिया कि उनका एक-एक वोट महत्वपूर्ण है और उसे सुरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है। अध्यक्ष, शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर पंकज कुमार केवट ने कहा आज कॉलेज के विद्यार्थियों ने जिस तरह से बढ़-चढ़कर भाग लिया, उससे साफ है कि छात्र समुदाय वोट चोरी जैसे कृत्य को कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। हम सब मिलकर लोकतंत्र की रक्षा के लिए इस लड़ाई को और मजबूत करेंगे।इस दौरान प्रदेश सचिव आदर्श नायक, आदर्श महाविद्यालय अध्यक्ष हंसु नाग,ज़िला महासचिव दिपेश पांडे,छात्र नेता कुनाल पटेल, अमन चंदेल,तन्मय चौहान,दक्श साहू,लीलाधर गजेंद्र,समीर कुमार,देवश दास रेहान रिजवी,अमित श्रीवास्तव,आकाश मंडल,मोंटू एवं अन्य उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री के आगमन पर युवक कांग्रेस का विरोध, काला झंडा दिखाने की तैयारी





सूरजपुर/मूक पत्रिका

जिले में बढ़ते अपराध, किसानों को यूरिया की भारी किल्लत, आसमान छूती महंगाई और जर्जर सड़कों की हालत को लेकर सूरजपुर जिला युवक कांग्रेस सड़कों पर उतरने की तैयारी में है। युवक कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि आज 20 अगस्त को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सूरजपुर प्रवास के दौरान कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से काला झंडा दिखाकर विरोध दर्ज कराएंगे।

जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र यादव, विधानसभा अध्यक्ष विक्की समाद्दार और प्रदेश महासचिव (असंगठित कामगार कांग्रेस) तपन सिकदार ने कहा कि जनता की आवाज सरकार तक पहुंचाना अब मजबूरी बन गया है। प्रदेश में हालात बदतर हैं—अपराधों में इजाफा, महंगाई ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है, किसान यूरिया के लिए भटक रहे हैं और सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। युवक कांग्रेस पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक सूरजपुर को ज्ञापन सौंपकर इस विरोध प्रदर्शन की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन पूरी तरह से लोकतांत्रिक और जनहित में होगा।

# साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विकास कार्यों की गहन समीक्षा

**शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर**

बीजापुर /मूक पत्रिका

कलेक्टर संबित मिश्रा ने मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ वास्तविक हितग्राहियों तक समयबद्ध तरीके से पहुँचे। कलेक्टर ने केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं के वृहद प्रचार-प्रसार पर बल दिया, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण लाभान्वित हो सकें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नेल्लानार योजना के तहत चिन्हांकित गांवों में संचालित विकास कार्यों



और अधोसंरचना की प्रगति की नियमित निगरानी की जाए।बैठक के दौरान कलेक्टर ने बिजली, पेयजल और सड़क कनेक्टिविटी की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दूरस्थ अंचलों के ग्रामीणों, आत्मसमर्पित नक्सलियों तथा नक्सल पीड़ित परिवारों को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। इसमें राशन कार्ड, आधार कार्ड और जन्म प्रमाणपत्र को प्राथमिकता से बनाने पर बल दिया गया।कलेक्टर ने कहा कि शासन की प्रत्येक योजना का उद्देश्य अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचाना है। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार जल्द से जल्द पूर्ण शराबबंदी करेः शिवसेना

कांकेर /मूक पत्रिका

कांकेर शिवसेना द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में शराबबंदी की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है इसी तारतम्य में शिवसेना जिला कांकेर द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक को शराबबंदी की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। शिवसेना जिला प्रभारी महेश, (वासु) दुबे ने कहा छत्तीसगढ़ में शराबबंदी एक बड़ा सियासी मुद्दा है। प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस एक सिक्के के दो पहलू हैं शराबबंदी की मांग सत्ता से बाहर थे तो की, मगर सरकार बनते ही सब भूल गए। प्रदेश में काबिज भाजपा के सरकार पिछले 5 साल तक शराबबंदी का मांग करने वाले आज स्वयं शराब बेच रहे हैं और 5 साल शराब बेचने वाले कांग्रेस आज शराबबंदी का मांग कर



रहेहैं। चुनाव के समय लुभावने वादे कर दोनों राजनीतिक दल शराबबंदी को लेकर जनता को धोखा देने का काम किया है। विदित हो छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में शराबबंदी सबसे बड़े मुद्दों में से एक था। प्रदेश की महिलाओं में शराबबंदी का वादा पूरा नहीं करने पर भूपेश सरकार के खिलाफनाराजगी थी, भाजपा ने भी इसी मुद्दे को लेकर तब के भूपेश सरकार पर वादाखिलाफी काआरोप लगाया था। और प्रदेश की जनता ने पुनः प्रदेश में आशा उम्मीद के साथ भाजपा को सरकार में चुनकर ले आई। इसके नतीजा रहा कि चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। और प्रदेश की सत्ता में बीजेपी की वापसी हो गई।

दुबे ने आगे कहा भारतीय जनता पार्टी की इस सरकार में अब शराब, बस स्टैंड, पान ठेला, होटल, चौक चौराहा, के साथ-साथ गांव में भी अवैध रूप से मिल रहा है।

**जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 24 आवेदन प्राप्त हुए**

# समय-सीमा बैठक के बाद कलेक्टर ने सुनी जनदर्शन में लोगों की समस्याएं

बेमेतरा/मूक पत्रिका

कलेक्टर रणबीर शर्मा की उपस्थिति में बीते मंगलवार को समय सीमा की बैठक के बाद कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन आयोजित की गई। जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया। मंगलवार के जन चौपाल में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही



निराकरण किए गए। आज जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 24 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी। इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील साजा के ग्राम मही-दही के समस्त ग्रामवासी ने वार्ड नं. 03 में बोर खनन स्वीकृति देने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम मुनरबोड़ निवासी रामकुमार पाल ने प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिलाये जाने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील नवागढ़ के ग्राम खाम्ही के सरपंच सुनिता साहू ने अन्य पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण मद/मुख्यमंत्री समग्र विकास मद से सी.सी. रोड स्वीकृत करने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेरला के ग्राम चेटुआ निवासी पूर्व सरपंच विद्या चतुर्वेदी ने पुराना देयक राशि भुगतान करने के संबंध में आवेदन दिया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्डा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धा पेंशन हेतु दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर मुख्यकार्यपालन अधिकारी प्रेमलता मंड़ावी, एडीएम डॉ. अनिल वाजपेयी सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।










स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आशिष कुमार कंठले द्वारा स्वामी डीबी कार्प लिमिटेड के लिए प्लाट नम्बर 40/44 इंडस्ट्रियल एरिया बीरगांव रोड, उरला, रायपुर से मुद्रित एवं वार्ड नंबर 18 बाजार पारा बेमेतरा पोस्ट व जिला बेमेतरा छ.ग. पिन कोड 491335 से प्रकाशित । संपादक आशिष कुमार कंठले समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार मो. नं. 7999238079, 7828658259, समस्त विवादों का निपटारा बेमेतरा न्यायालय होगा।